# गांव-गांव जागा...पानी का संकट भागा



# 'जल संचय जन भागीदारी' से भविष्य की पीढ़ियों को पानीदार बनाने का संकल्प

शहडोल (स्वतंत्रमत)।


'जल संचय जन भागीदारी' पहल प्रधानमंत्री के जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने के अटूट संकल्प का प्रतीक है। यह पहल जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर बल देती है और सभी हितधारकों से एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेती है। इसका उद्देश्य कृत्रिम जल पुनर्भरण संरचनाओं/बोरवेल पुनर्भरण शाफ्टों के निर्माण पर विशेष ध्यान देना है, जिससे भंडारण क्षमता बढ़ेगी और भूजल पुनर्भरण में सहायता मिलेगी। शहडोल जिले में भी जल संकट से निपटने और वर्षा जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के लिए प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। आदिवासी बाहुल्य शहडोल जिले में जल संरक्षण के प्रति लोग जागरुक हो रहे हैं और इसकी चिंता करने लगे हैं। इसके लिए वे सरकारी अभियानों से जुड़कर काम कर रहे हैं, जिसका नतीजा है कि पिछले नंवबर महीने से अब तक जिले भर में नई-पुरानी एक लाख 51 हजार 356 जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने में सहभागी बने हैं।

भारत सरकार के जल शक्ति अभियान जल संचय जन भागीदारी के तहत पांच महींने में जल संरक्षण की ऐसी तैयारी किया कि पूरे देश में शहडोल को आठवां स्थान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी की गई रेंटिंग में देश के टाप-10 जिले में शहडोल शामिल है। वहीं प्रदेश की बात करें तो तीसरे स्थान पर बना हुआ है। पहले स्थान पर डिंडौरी और दूसरे स्थान खंडवा जिले बने हुए है। यह अभियान 31 मई तक चलेगा, जिस पर शहडोल जिले में लगातार काम चल रहा है। जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं अधिकारी इस प्रयास में लगे हैं कि शहडोल को देश में नंवर वन बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 'कैच द रेन, वेयर इट फाल्स, व्हेन इट फाल्स' (यानी जब और जहां भी बारिश हो, वहीं पानी का संरक्षण करें) है। पारंपरिक जल निकायों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाना और पानी का सही प्रबंधन करना है। शहडोल को जल संचय जन भागीदारी के तहत राष्ट्रव्यापी जल संरक्षण पहलों में उल्लेखनीय भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देश के अग्रणी जिलों में मान्यता मिली है। जिले में स्थानीय प्रशासन, जन प्रतिनिधियों और समुदाय के सामूहिक प्रयासों ने जल-सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव रखी है।

जिले में सर्वाधिक कंटूरट्रंच, सोकपिट, और रेन वाटर हारवेस्टिंग बनाए गए है। इनके अलावा तालाब सहित सभी जल स्त्रोतों कों पुनर्जीवित किया गया है। बड़ी बात यह है कि इस काम के लिए कोई अलग से बजट नहीं है। जन भागीदारी से इस पहल को अंजाम दिया जा रहा है, जिसमें गांव के सरपंच से लेकर सभी जनप्रतिधि सहयोग कर रहे हैं। जिले के सभी ब्लाकों के मुख्यकार्यपालन अधिकारी लगे हुए है, जो विभिन्न विभागों के माध्यम से काम करा रहे हैं, जिसमें आम लोगों की सहभागिता के साथ आजीविका मिशन की दीदियों और अन्य लोगों का सहयोग लिया जा रहा है। जल संरक्षण के क्षेत्र में पहली बार शहडोल में ऐसा काम हुआ जब देश के टाप-10 जिलों में शामिल होने की स्थिति बनी है।



बीते दिनों जनपद पंचायत जयसिंहनगर के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने जल गंगा संवर्धन अभियान और जल संचय जनभागीदारी अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो और जो गतिविधियां चल रही हैं उनकी फोटो अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर पालन सुनिश्चित किया जाए और अभियान को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में 'जल चौपाल' आयोजित कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि गांव-गांव जाकर लोगों को पानी की एक-एक बूंद बचाने का महत्व समझाया जाए और उन्हें अभियान से जोड़ा जाए। साथ ही जल संरचनाओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने के भी निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य में इनका संरक्षण सुनिश्चित हो सके।



**हम होंगे नंबर 1**

**जल संजय जन भागीदारी में लगातार काम हो रहा है। डेढ़ लाख से अधिक संरचनाओं को तैयार कराया गया है, जिसमें पूरी जन भागीदारी है। हमने नवंबर महीने से इस अभियान में काम कराना शुरू किया है। जितने काम हुए सभी की फोटो अपलोड की गई है। उसी के आधार रेटिंग तय की गई है। हम देश में आठवें और प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। अभी निरंतर प्रयास कर रहे हैं और कोशिश करेंगे कि शहडोल एक नंबर पर पहुंचे।**

**शिवम प्रजापति**
**सीईओ, जिला पंचायत शहडोल**

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में गंगा दशहरा उत्सव संपन्न

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सोहागपुर सेक्टर सिंहपुर अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अमरहा द्वारा 25 मई को गंगा दशहरा उत्सव कार्यक्रम बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह एवं सचिव राहुल सिंह की उपस्थिति में ग्रामवासियों के जनसहयोग से पातालगंगा आवाहन, नलकूप एवं हैंडपंप परिसर की साफ-सफाई, कलश यात्रा स्थापना तथा शंकर मंदिर में जलाभिषेक, पूजन-पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई तथा जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर नवांकुर समिति आशा युवा महिला बाल उत्थान समिति के मार्गदर्शक सनत कुमार त्रिपाठी जी के निर्देशन एवं सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आस्था के साथ-साथ जल संरक्षण, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।




## शासकीय कार्यालय में धर्म विशेष के प्रचार का आरोप, विहिप बजरंग दल ने जांच की उठाई मांग, थाना प्रभारी को दिया आवेदन

शहडोल (स्वतंत्रमत)

विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पदस्थ अधिकारी पर शासकीय परिसर में धर्म विशेष के प्रचार-प्रसार एवं दान पेटी संचालन का आरोप लगाते हुए प्रशासन से शिकायत की है। संगठन ने मामले में निष्पक्ष जांच एवं संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विहिप-बजरंग दल द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पदस्थ अधिकारी अनपा खान द्वारा शासकीय परिसर में धर्म विशेष से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। आरोप है कि कार्यालय परिसर में दान पेटी रखी गई है तथा धार्मिक प्रचार-प्रसार और चंदा संग्रह जैसी गतिविधियां भी की जा रही हैं। संगठन का कहना है कि शासकीय कार्यालय का उपयोग किसी धर्म विशेष के प्रचार के लिए किया जाना संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना के विपरीत है। शिकायत में अनुच्छेद 14, 25 एवं 27 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 का उल्लंघन प्रतीत होता है। साथ ही कर्मचारियों एवं आम नागरिकों पर अप्रत्यक्ष दबाव बनने की आशंका भी जताई गई है। विहिप-बजरंग दल ने प्रशासन से मांग की है कि कार्यालय परिसर में रखी गई दान पेटी एवं धार्मिक गतिविधियों की वैधानिकता की जांच कराई जाए तथा संबंधित अधिकारी की भूमिका निर्धारित कर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाए। संगठन ने भविष्य में शासकीय कार्यालयों में धर्मनिरपेक्ष वातावरण बनाए रखने हेतु स्पष्ट निर्देश जारी करने की भी मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई तो विहिप-बजरंग दल द्वारा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय शहडोल के सामने वृहद आंदोलन एवं अनशन किया जाएगा।




## कांग्रेस का हर कार्यकर्ता सेना का कमांडर, जनता के बीच जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को करें उजागर : आशीष त्रिपाठी

**जयसिंहनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहनगर की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के आयोजक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय जायसवाल रहे। बैठक में मंडलम अध्यक्ष, बीएलए, वरिष्ठ कांग्रेसी, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में जयसिंहनगर प्रभारी आशीष त्रिपाठी के आगमन पर सभी कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक के दौरान आशीष त्रिपाठी ने स्वयं अपने स्थान से उठकर एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया तथा उनका स्वागत किया। इस परिचय कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने भी सहभागिता निभाई। इस आत्मीय वातावरण ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया। आशीष त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं अपने परिवार से मिलने आया हूं। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की ताकत है। भाजपा सरकार में रोजगार और शासकीय अवसर पूरी तरह ठप्प हो चुके हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के बीच जाकर उन्हें जागरूक करना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।



# रीवा हादसे को लेकर जैन समाज में उबाल, संत सुरक्षा नीति और निष्पक्ष जांच की उठी मांग

डिंडौरी (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश के रीवा जिले में विहाररत पूज्य आर्यिका माताजी एवं जैन संत संघ के साथ हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना को लेकर सकल जैन समाज में गहरा आक्रोश और शोक व्याप्त है। घटना के विरोध में एवं विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर सकल जैन समाज डिंडोरी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। समाजजनों ने ज्ञापन में रीवा घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि मामले से जुड़े सभी सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। साथ ही दुर्घटना के दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या षड्यंत्र सामने आने पर संबंधित जिम्मेदार लोगों पर सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई किए जाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में समाजजनों ने कहा कि जैन साधु-संत पूर्णतः अहिंसक, निहत्थे एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं, जो समाज को शांति, संयम और अहिंसा का संदेश देते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते, ऐसे में उनके साथ लगातार बढ़ रही दुर्घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और गंभीर विषय हैं।



## प्रदेश के 5254 मोबिलाइजर्स की सेवा बहाल करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**डिंडौरी।** प्रदेश में पेसा मोबिलाइजर्स की सेवाएं समाप्त किए जाने के विरोध में अब आदिवासी संगठनों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) डिंडौरी इकाई ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर पेसा मोबिलाइजर्स की सेवाएं निरंतर जारी रखने की मांग की है। संगठन का कहना है कि प्रदेश के आदिवासी अंचलों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने और पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में इन मोबिलाइजर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जयस जिला अध्यक्ष नागेंद्र सिंह धुर्वे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत प्रदेश के 89 आदिवासी विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में पंचायत राज संचालनालय द्वारा वर्ष 2020 में पेसा कानून के क्रियान्वयन के लिए पेसा मोबिलाइजर्स की नियुक्ति की गई थी। लेकिन हाल ही में संचालनालय द्वारा जारी आदेश के तहत आरजीएसए योजना समाप्त होने का हवाला देकर इनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं।



## आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी में लॉ कॉलेज खोलने की मांग बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नाम सौंपा ज्ञापन


**डिंडौरी।** आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में विधि शिक्षा के विस्तार और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली को पत्र लिखकर जिले में नवीन विधि महाविद्यालय (लॉ कॉलेज) खोले जाने की मांग की है। भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि डिंडौरी जैसे आदिवासी बहुल एवं दूरस्थ जिले के विद्यार्थियों को विधि शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों के लिए बाहर जाकर पढ़ाई करना कठिन साबित होता है, जिससे कई प्रतिभाशाली छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। पत्र में कहा गया कि जिले में लॉ कॉलेज की स्थापना होने से स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा मिल सकेगी तथा क्षेत्र में कानूनी जागरूकता और न्यायिक समझ भी मजबूत होगी। साथ ही यह पहल आदिवासी समाज के युवाओं को न्याय व्यवस्था और प्रशासनिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी। प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मांग की है कि डिंडौरी जिले की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में शीघ्र विधि महाविद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक अनुमति प्रदान की जाए।



# 14 लाख के चेक डैम निर्माण में बड़ा घोटाला उजागर, अमानक सामग्री से हो रहा था निर्माण

डिंडौरी/बजाग (स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत भानपुर में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे चेक डैम निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की खुलकर अनदेखी किए जाने का मामला उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। जांच के दौरान पाया गया कि निर्माण में डस्ट मिलाकर मसाला तैयार किया जा रहा था तथा बहते पानी के बीच ही बेस डालकर ढलाई कर दी गई, जिससे पूरे निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भानपुर में जल संरक्षण एवं सिंचाई सुविधा को ध्यान में रखते हुए चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता को दरकिनार कर जल्दबाजी और लापरवाही के साथ कार्य किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों तक पहुंचाई। शिकायत के बाद मौके पर निरीक्षण किया गया, जिसमें कई तकनीकी खामियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि चेक डैम निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका था, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई। स्ट्रक्चर में पानी रोकने के लिए लगाए जाने वाले प्लेट सिस्टम के लिए भी सही ढंग से स्थान नहीं छोड़ा गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी प्रकार निर्माण जारी रहता तो पहली ही तेज बारिश में चेक डैम को नुकसान पहुंच सकता था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में मानक सामग्री की जगह घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। वहीं बहते पानी में ढलाई किए जाने से निर्माण की नींव कमजोर हो गई है, जिससे भविष्य में बड़ा नुकसान होने की आशंका है। मामला सामने आने के बाद प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत बजाग सचिन अग्रवाल ने इंजीनियरों के साथ मौके का निरीक्षण किया और तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्तमान में जो अमानक निर्माण हुआ है उसे पूरी तरह तुड़वाया जाएगा और उसके बाद ही तकनीकी अधिकारियों की निगरानी में दोबारा गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की लाखों रुपये की राशि से बनने वाला चेक डैम यदि इसी तरह घटिया तरीके से तैयार किया जाता, तो इससे जल संरक्षण की योजना पूरी तरह विफल हो जाती। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय करने की मांग की है।



### इनका कहना है

च्कार्य का निरीक्षण इंजीनियर के साथ जाकर मेरे द्वारा किया गया। चेक डैम निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। पहले निर्माणाधीन चेक डैम को तोड़ा जाएगा, तत्पश्चात इंजीनियर एवं सब इंजीनियर की उपस्थिति और देखरेख में कार्य पुनः गुणवत्ता पूर्ण कराया जाएगा।

**सचिन अग्रवाल, प्रभारी सीईओ,**
**जनपद पंचायत बजाग**

# नियमों को ताक पर रखकर चल रहे थे होटल और रिसॉर्ट

## प्रशासन की संयुक्त टीम ने की सीलिंग की कार्रवाई से मचा हड़कंप



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आवासीय मद की भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने तथा होटल संचालन संबंधी अनुमति और फायर एनओसी नहीं पाये जाने पर प्रशासन की कार्यवाही में माढ़ोताल स्थित सुकून होटल बी एन्ड बी को सील कर दिया गया है। नायब तहसीलदार आधारताल राजेश मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व विभाग, नगर निगम, फूड सेफ्टी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने सुकून होटल बी एन्ड बी का निरीक्षण कर यह कार्यवाही की। एसडीएम आधारताल पंकज मिश्रा के अनुसार निरीक्षण करने गई टीम ने पाया कि माढ़ोताल खसरा नंबर 51/2/5 की जिस 6 हजार 570 वर्गफुट भूमि पर सुकून होटल बी एन्ड बी संचालित है, वह गौतम हिरानी, आशा देवी हिरानी और गोविन्द हिरानी (प्रत्येक का हिस्सा 2 हजार 190 वर्गफुट) के नाम भूमि स्वामी हक में दर्ज है। इस भूमि पर मकान निर्मित है तथा अभिलेख में आवासीय मद में व्यपवर्तित है, जबकि इसका उपयोग व्यावसायिक रूप में किया जा रहा है। इस भूमि को विवेक त्रिपाठी द्वारा किराए पर लेकर होटल संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद होटल के मैनेजर सुशील बिरहा द्वारा वर्तमान उपयोग के अनुरूप कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये। होटल संचालन सबंधी अनुमति पत्र तथा फायर एवं अन्य दस्तावेज भी नहीं प्रस्तुत किये जा सके। मौका स्थल पर किराए का अनुबंध भी प्रदर्शित नहीं किया गया था। एसडीएम आधारताल के मुताबिक सुकून होटल बी एन्ड बी में सुरक्षा मानकों उपयोग नहीं किया जा रहा था। अग्निशमन यंत्र भी निरीक्षण के दौरान नहीं पाये गये। आपतकालीन निकासी की व्यवस्था भी इस होटल में नहीं थी।

### बिना फायर एनओसी चल रहा था रिसॉर्ट

ऐसे ही प्रशासनिक टीम ने बरेला स्थित निसर्ग रिसॉर्ट का निरीक्षण कर अनियमितता पाये जाने पर उसे सील कर दिया है। टीम में राजस्व, पुलिस, खाद्य सुरक्षा एवं विद्युत विभाग के अधिकारी शामिल थे। एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार बरेला शशांक दुबे के नेतृत्व में किये गये निरीक्षण में रिसॉर्ट का केवल आंशिक भाग ही डायवर्टेड पाया गया था । इसके साथ ही रिसॉर्ट संचालक के पास फायर एनओसी नहीं थी और अग्निशमन के लिए भी कोई व्यवस्था भी नहीं पाई गई। एसडीएम जबलपुर ने बताया कि निसर्ग रिसॉर्ट के किचन में गंदगी भी पाई गई थी। संयुक्त टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा रिसॉर्ट से खाद्य सामग्री के नमूने परीक्षण के लिए लिए गए हैं।

### सुकून रिसॉर्ट के किचिन में था गंगदी का अंबार

टीम ने एक अन्य रिसॉर्ट पर कार्यवाही करते हुए उसे सील कर दिया है। प्रशासन की टीम ने सोमवार को जबलपुर तहसील के अंतर्गत घाना स्थित सुकून रिसॉर्ट का भी निरीक्षण कर किचन में गंदगी और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाये जाने तथा फायर प्लान एवं फायर एनओसी न होने पर इसे सील कर दिया है। एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह ने बताया कि सुकून रिसॉर्ट के संचालक द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर जीवित बहते हुये नाले के प्रवाह को संकीर्ण कर दिया गया था। निरीक्षण के दौरान रिसॉर्ट का किचन अत्यंत बदबूदार और गंदा पाया गया। इसके साथ ही सुकून रेस्टोरेंट में खाद्य सामग्री भी खुले में रखी पाई गई थी।

# चचाई यूनिट ने लगातार 600 दिन बिना बाधा के बिजली उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड




**अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन की यूनिट ने रचा इतिहास, पहली बार किसी प्लांट ने बिना रुके तय किया इतना लंबा सफर**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के इतिहास में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई की 210 मेगावाटक्षमता वाली यूनिट ने लगातार 600 दिनों तक बिना किसी बाधा के निरंतर बिजली उत्पादन करने का एक अभूतपूर्व महा-रिकॉर्ड स्थापित किया है। कंपनी के इतिहास में आज तक किसी भी जनरेटिंग यूनिट ने इतने लंबे समय तक बिना बंद हुए उत्पादन नहीं किया है। प्लांट की यह ऐतिहासिक निरंतर यात्रा 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हुई थी, जो आज भी सफलतापूर्वक जारी है।इस असाधारण संचालन अवधि के दौरान यूनिट ने तकनीकी और कार्यकुशलता के मोर्चे पर नए मानदंड स्थापित किए हैं। प्लांट प्लांट उपलब्धता कारक 98.81 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो इसकी निरंतर उपलब्धता को दर्शाता है। प्लांट लोड फैक्टर 95.6 प्रतिशत के बेहद उच्च स्तर पर रहा, जो बेहतरीन बिजली उत्पादन क्षमता का प्रमाण है। सहायक बिजली खपत मात्र 9.28 प्रतिशत रही, जिससे बिजली की बचत और कार्यकुशलता प्रमाणित होती है।

### कुशल नेतृत्व और टीम के समर्पण का नतीजा

बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी लंबी अवधि तक बिना किसी तकनीकी खराबी, ग्रिड ट्रिपिंग या फोर्स आउटेज के थर्मल प्लांट को चलाना एक असाधारण तकनीकी चुनौती होती है। एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस ऐतिहासिक सफलता का पूरा श्रेय सूक्ष्म और सटीक योजना, मजबूत प्रिवेंटिव मेंटेनेंस (निवारक रखरखाव) प्रथाओं, लगातार की जा रही कड़ी डिजिटल निगरानी और चचाई प्लांट की ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम के कुशल नेतृत्व और अटूट समर्पण को दिया है।

### मध्य प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिला सीधा लाभ

इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल अमरकंटक पावर स्टेशन का नाम देश के अग्रणी बिजली घरों में शामिल हुआ है, बल्कि इससे मध्य प्रदेश के आम उपभोक्ताओं को भी बड़ी राहत मिली है। यूनिट के लगातार चालू रहने से राज्य को बिना किसी रुकावट के निरंतर और सस्ती बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने में बड़ी मजबूती मिली है। यह रिकॉर्ड प्रदर्शन अब मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग के अन्य बिजली उत्पादन केंद्रों के लिए भी एक अनुकरणीय मानदंड का काम करेगा।



## उप महाप्रबंधक मनोज गुप्ता हुए सेवा निवृत्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उप महाप्रबंधक रेलवे मनोज गुप्ता के सेवा निवृत्त होने पर रोनियार वैश्य समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजिक बंधुओं ने उनको स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान ज्ञान चंद गुप्ता, शिव प्रसाद गुपता, सुनील गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, मनीष वैश्य, कृति गुप्ता आदि अन्य उपस्थित रहे।

## अधिकारियों और कर्मचारियों ने जाना यूनीकोड का प्रयोग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने पमरे ने 'कंप्यूटर पर यूनीकोड का प्रयोग' विषय पर सोमवार 25 मई को दो सत्रों में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान दिलीप कुमार सिंह और एमएस हाशमी के निर्देशन में पीपीटी के माध्यम से 'कंप्यूटर पर यूनीकोड का प्रयोग ' विषय पर बिपुल कुमार मंडल द्वारा व्याख्यान, प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। इस कार्यशाला में



कार्मिक विभाग में कार्यरत 2 अधिकारियों एवं 30 कर्मचारियों को प्रशिक्षण मिला । दूसरे सत्र में आई गॉट कर्मयोगी एप्प पर 'संघ की राजभाषा नीति एवं अधिनियमों की जानकारी' प्रदान की गई जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ-चढकर भाग लिया ।

# इंदौर की '56 दुकान' की तर्ज पर विकसित होगा नया फूड जोन

### लोक निर्माण मंत्री की अगुवाई में संग्राम सागर तालाब में हुआ स्वच्छता श्रमदान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज गंगा दशहरा के पावन अवसर पर संस्कारधानी के ऐतिहासिक एवं आस्था के केंद्र संग्राम सागर तालाब में एक भव्य स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह की अगुवाई में आयोजित इस अभियान में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ श्रमदान किया। इस वृहद जन-भागीदारी ने जल संचय और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को एक नई दिशा दी। अभियान के दौरान पूरे तालाब परिसर की साफ-सफाई कर न केवल इसे सुंदर रूप दिया गया, बल्कि समाज को जल स्रोतों के संरक्षण का एक सशक्त संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नागरिकों के इस अभूतपूर्व उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज जबलपुर के सजग नागरिकों ने यह साबित कर दिया है कि यदि समाज किसी कार्य का संकल्प ले ले, तो कुछ भी असंभव नहीं है। अपनी प्रकृति और गौरवशाली विरासत के संरक्षण के लिए किया गया यह श्रमदान परम आत्मसंतुष्टि देने वाला कार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत भी और विकास भी के मूल मंत्र का उल्लेख करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि संग्राम सागर क्षेत्र को आधुनिक विकास से जोड़कर एक बेहद खूबसूरत पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थल के रूप में उभारा जाएगा। संग्राम सागर के भविष्य की रूपरेखा साझा करते हुए मंत्री श्री सिंह ने बताया कि तालाब के सामने वाले क्षेत्र के कायाकल्प की पूरी योजना तैयार की जा चुकी है, जिस पर जिला प्रशासन और नगर निगम ने काम भी शुरू कर दिया है। उन्होंने बड़ी सौगात देते हुए कहा जिस प्रकार इंदौर का '56 दुकान' क्षेत्र पूरे देश में अपनी साख के लिए प्रसिद्ध है, उसी तर्ज पर यहाँ आधुनिक, सुव्यवस्थित और आकर्षक फूड जोन विकसित किया जाएगा।

# लोडिंग वाहन और अल्टो कार में ढुल रहीं लाखों की अवैध शराब पकड़ायी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कटनी तरफ से लोडिंग वाहन और एक अल्टो कार में लायी जा रहीं लाखों की अवैध शराब जबलपुर पुलिस ने पकड़ी है। पुलिस ने दोनों वाहनों से छह हजार 850 पाव देशी शराब कीमती छह लाख 52 हजार तीन सौ रुपये की बरामद की है। वहीं पांच आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले, जबकि एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पनागर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुशनेर तिराहा में घेराबंदी कर कटनी तरफ से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडके 4108 को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन को बघेली मोड़ एनएच-30 जबलपुर कटनी रोड पर पिकअप घुमाकर खड़ी कर अपने साथी के साथ भाग निकला। पुलिस ने उक्त वाहन से 128 कार्टून में देशी शराब के कुल 6 हजार 400 पाव कुल कीमती लगभग 6 लाख 7 हजार 300 रूपये के बरामद किये। इसी प्रकार पनागर पुलिस ने मनकेड़ी रोड पर दबिश दी।

जहां कटनी तरफ से आ रहीं ग्रे रंग की अल्टो कार एमपी 20 जेड एक्स 4178 को रोका। पुलिस ने कार चालक जितेन्द्र जैन उम्र 30 वर्ष निवासी कछार गांव थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी को हिरासत में लिया। जिसने भागने वालों के ना चक्की ठाकुर निवासी गोसलपुर, सत्तू एवं बंटा उर्फ शिवम तिवारी दोनों निवासी कुंसरी थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी बताया। पुलिस ने कार की डिक्की में 9 कार्टून मेंकुल 450 पाव देशी शराब कीमती लगभग 45 हजार रूपये की बरामदा की। पुलिस ने उक्त शराब व वाहन जब्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

**पाटन में भी पकड़ा जखीरा** -ऐसे ही पाटन पुलिस को मुखबिर से सूचना पर जबलपुर तरफ से कटरा बेलखेड़ा तरफ आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 4178 को रोका चालक ने जिसने पूछताछ पर अपना नाम जितेन्द्र जैन उम्र 30 वर्ष निवासी कछार गांव थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी बताया। पुलिस ने कार से डिक्की में 9 कार्टून में कुल 450 पाव देशी शराब कीमती लगभग 45 हजार रूपये के रखे मिले, आरोपी कार चालक जितेन्द्र ने उक्त शराब अपने साथी चिक्की, सत्तू और बंटा उर्फ शिवम तिवारी के साथ मिलकर परिवहन करना बताया। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## एमपी ट्रांसको में स्वदेशी एप आराताई का उपयोग बढ़ा

### ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस में भी हुआ अनिवार्य

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** डिजिटल कार्यप्रणाली में आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूती प्रदान करने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में स्वदेशी एप आराताई का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। कंपनी द्वारा इसे पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। पहले फील्ड के सबसे बड़े विंग टेस्टिंग में इस स्वदेशी एप के उपयोग को लागू कर अनिवार्य किया गया था, वहीं अब प्रदेश की 43 हजार सर्किट किलोमीटर से अधिक लंबी ट्रांसमिशन लाइनों तथा लगभग 90 हजार ट्रांसमिशन टावरों के रखरखाव की जिम्मेदारी संभालने वाले ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस विंग में भी इसका उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस के मुख्य अभियंता डी.के. अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के 4 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस सर्कल, 12 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस संभाग एवं 37 ट्रांसमिशन लाइन मुख्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए यह अनिवार्य किया गया है।

# बाघ की संदिग्ध मौत जबलपुर की टीम करेगी पोस्टमार्टम

### रविवार को उमरिया में महिला पर किया था हमला



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पनपथा रेंज के खेरवाटोला गांव में रविवार (24 मई) तड़के एक नर बाघ ने घर में घुसकर महिला पर हमला कर उसे मार डाला और परिवार के 4 अन्य सदस्यों को घायल कर दिया। दिल दहला देने वाली बात यह रही कि शिकार के बाद बाघ करीब 6 घंटे तक मृतका के शव के पास ही बैठा रहा। घटना की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दो हाथियों की मदद से बाघ को ट्रेंकुलाइज (बेहोश) किया, लेकिन इसके कुछ ही देर बाद बाघ की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विशेषज्ञों का प्रारंभिक अनुमान है कि मौत की वजह ट्रेंकुलाइजर का ओवरडोज या समय पर एंटीडोज न मिलना हो सकती है।

फिलहाल, बाघ के शव को जबलपुर के वेटरनरी विश्वविद्यालय स्थित स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ लाया गया है, जहां उसे डीप फ्रीजर में सुरक्षित रखा गया है।

**एनटीसीए की निगरानी में दोबारा होगा परीक्षण**-पीसीसीएफ (वाइल्डलाइफ) समीता राजौरा के अनुसार, नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के प्रोटोकॉल के तहत नागपुर क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि की मौजूदगी में शव का दोबारा परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए डॉ. निधि राजपूत, डॉ. अभय संगेर और डॉ. प्रशांत देशमुख की 3 सदस्यीय विशेष डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। पोस्टमार्टम और हिस्टोपैथोलॉजिकल रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ होगी।

## 900 फुट की चुनरी से हुआ बाणगंगा का श्रृंगार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट द्वारा गंगा दशहरा की पूर्व सुबह 900 फुट की चुनरी बैंनगंगा नदी चढ़ाते हुए विधिवत पूजन के साथ महाआरती दुग्ध अभिषेक के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने बताया बाणासुर नाम के राक्षस ने इस क्षेत्र में तपस्या कर करोड़ओ शिवलिंग की पूजा की वे सभी शिवलिंग गंगा मैया में विसर्जन करने ले जाने लगा तब भगवान शंकर ने आशीर्वाद दिया जहां से बाण मारोगे वहीं से गंगा मैया का उद्गम होगा ।

# पोल खोल हल्ला बोल आंदोलन की रणनीति हुई तैयार

## जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण की बैठक में तय हुई आंदोलन की रूपरेखा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण की बैठक अग्रवाल बारात घर में आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, जिला प्रभारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, विधानसभा प्रभारी परम यादव, महेंद्र जैन बैठक में पोल खोल हल्ला बोल आंदोलन को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की व्याप्त समस्याओं को लेकर व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि भाजपा सरकार की विफलताओं को लेकर यह आंदोलन पंचायत स्तर से शुरू होकर मंडल, ब्लॉक एवं जिला स्तर तक चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण द्वारा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था की विफलता एवं किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर पोल खोल हल्ला बोल आंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है। आंदोलन के माध्यम से भाजपा सरकार की कथित विफलताओं को जनता के बीच उजागर किया जाएगा।

### दो चरणों में संचालित होगा आंदोलन

आयोजन दो चरणों में संचालित किया जाएगा। जिसके प्रथम चरण में 26 मई से 25 जून तक प्रत्येक बूथ, पंचायत, मंडलम एवं ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत किया जाएगा। कार्यकर्ता क्षेत्रीय एवं जिला स्तर की समस्याओं को चिन्हित कर क्रमबद्ध आंदोलन चलाएंगे। इस दौरान तहसील मुख्यालयों में प्रदर्शन, धरना एवं अर्थी जुलूस जैसे विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। द्वितीय चरण में 20 जून से 30 जून के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं संगठन प्रभारी हरीश चौधरी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में प्रमुख रूप से संगठन महासचिव राजेश पटेल,परम लाल अह वासी,विवेक यादव ,चतुर सिंह लोधी,मुकुल खम्परिया ,प्रवीण चौबे,ब्रजेश दुबे, मुकेश पटेल रिंकू तिवारी,विपिन जायसवाल दुर्जन सिंह अजीत परिहार नेक नारायण सिंह बिहारी पटेल रुक्मिणी गोटिया, ताहिर खोखर,चमन राय,मनीष राय, फिरोज खान दीपेंद्र मरकाम श्रीमति विनीता यादव, श्रीमती मंजू मिश्रा,वीरेंद्र यादव आशीष जैन, सुनील प्रजापति, प्रकाश अहिरवार, शिव नामदेव, श्रीमती उमा बाई उइके, सत्येन्द्र चौबे (गुड्डा),राजेश पटेल, अतुल विश्वकर्मा, अनिकेत मिश्रा, अंबर राजपूत, प्रदीप पटेल, श्रीमती मुन्नी बाई, सोनू दुबे, संतोष डेहरिया, संजय श्रीवास्तव, सुभाष पटेल, रामकुमार सैय्याम, एड. ब्रजेश दुबे, ऋषिकेश पटेल, सत्येन्द्र गर्ग, जयंत जैन, तुलसी राम कुशवाहा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, श्री अमोल चौरसिया, श्री लोकेश मिश्रा, श्री रामेश्वर गिरी, श्रीमती संगीता सिंह रमा धुर्वे,संदीप व्यवहार,दीपक पटेल, जमील खान, निलेश बरकडे,राजकुमार पटेल,एवं श्री समलू सिंह मरावी उपस्थित रहे।

### श्मशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण का मामला

# ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## दोबारा सीमांकन पर आपत्ति, 18 अप्रैल के पंचनामे की मांग

कटंगी (स्वतंत्रमत)



कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम कामठी में शमशान घाट की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मामला फिर गरमा गया है। जिसके चलते करीब दर्जनभर से अधिक ग्रामीणों ने सोमवार 25 मई को दोपहर 2 बजे एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम वासियों का आरोप है कि दिग्विजय राजाराम चौधरी द्वारा शमशान घाट की जमीन पर अतिक्रमण किया गया था, जिसे 18 अप्रैल 2026 को प्रशासन ने हटवाया था। लेकिन 23 मई 2026 को पटवारी द्वारा किए गए दोबारा सीमांकन से ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दिग्विजय चौधरी ने शमशान घाट की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे किया गया है। समस्त ग्रामवासियों ने 18 अप्रैल 2026 को सामूहिक रूप से आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। आवेदन के तुरंत बाद उसी दिन नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। 18 अप्रैल को हुई जांच में नायब तहसीलदार ने मौके पर शमशान घाट की भूमि का सीमांकन कराया। सीमांकन के बाद अतिक्रमण हटाया गया और शमशान घाट की वास्तविक सीमा समस्त ग्रामवासियों को बताई गई। ग्रामवासियों के अनुसार, उस समय दिग्विजय चौधरी ने भी सीमांकन को स्वीकार कर लिया था। इसी दौरान यह भी सामने आया कि दिग्विजय चौधरी द्वारा शासकीय भूमि पर लगे फलदार वृक्ष काटे गए थे। नायब तहसीलदार ने इस पूरे घटनाक्रम का पंचनामा तैयार किया था।

**23 मई को दोबारा सीमांकन से विवाद-** मामले में नया मोड़ 23 मई को आया, जब पटवारी इमलेश राहंगडाले द्वारा शमशान घाट की भूमि का दोबारा सीमांकन किया गया। ग्रामवासियों का आरोप है कि यह सीमांकन 18 अप्रैल को हुए सीमांकन से भिन्न था। ग्रामीणों ने बताया कि पहले किए गए सीमांकन और 23 मई को किए गए सीमांकन में अंतर पाया गया। इस कारण समस्त ग्रामवासियों ने असहमति जताई और पटवारी द्वारा बनाए गए पंचनामे पर किसी ने भी हस्ताक्षर नहीं किए। ग्राम वासियों का कहना है कि उन्हीं कर्मचारियों द्वारा किया गया सीमांकन गलत या भिन्न पाया गया, जिससे गांव में असंतोष का माहौल है।

### ग्राम वासियों की मांग

ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए 18 अप्रैल 2026 को किए गए सीमांकन की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने और फलदार वृक्ष काटने संबंधी जो पंचनामा नायब तहसीलदार द्वारा बनाया गया था, उसकी नकल प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शमशान घाट सार्वजनिक उपयोग की भूमि है और इस पर अतिक्रमण से सामाजिक कार्यों में बाधा आती है। 18 अप्रैल की कार्रवाई के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई थी, लेकिन दोबारा हुए सीमांकन ने भ्रम पैदा कर दिया है। इस पूरे मामले में राजस्व विभाग की भूमिका संदेहास्पद है। सरपंच करिश्मा कारसर्पे के नेतृत्व में प्रदीप भगत, श्याम कुमार उइके, राजकुमार परिहार, महेंद्र भलावी, राजकुमार, छोटेलाल सहित अन्य ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ जांच करवाने की मांग की है।

# तालाब में मिले शव की गुत्थी सुलझी

## 500 मीटर दूर खून की एक बूंद से खुला अंधे कत्ल का राज

बालाघाट (स्वतंत्रमत)



जिले की थाना लामता पुलिस ने एक सनसनीखेज अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्राम प्रतापपुर निवासी सुरेंद्र पिता अम्मूलाल मड़ावी (45) की हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया गया था। पुलिस ने फॉरेंसिक जांच, डॉग स्क्वाड और एफएसएल टीम की मदद से महज खून की एक बूंद के आधार पर पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया। दरअसल, 20 मई 2026 को सुरेंद्र मड़ावी के घर से लापता होने की रिपोर्ट थाना लामता में दर्ज कराई गई थी। उसी शाम ग्राम परतापुर स्थित तालाब में एक शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर मर्ग कायम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से हमला कर हत्या किए जाने की पुष्टि होने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल अत्यंत साफ-सुथरा मिला, जिससे संदेह हुआ कि हत्या कहीं और कर शव तालाब में फेंका गया है। लगातार 24 घंटे तक डॉग स्क्वाड और एफएसएल टीम के साथ सर्चिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान शव मिलने के स्थान से लगभग 500 मीटर दूर खेतों की ओर खून की एक बूंद दिखाई दी। पुलिस ने उसे महत्वपूर्ण सुराग मानकर जांच आगे बढ़ाई। डॉग स्क्वाड ने रक्त के निशानों को ट्रैक करते हुए पुलिस को आरोपी सोनू मड़ावी के घर के पीछे खेत की मेढ़ तक पहुंचाया, जहां भारी मात्रा में खून मिला। वैज्ञानिक साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने सोनू मड़ावी से पूछताछ की, जिसने अपने साथी मिथुन सैयाम के साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि मृतक सुरेंद्र मड़ावी के गांव की एक महिला से संबंध थे। महिला का पुत्र सोनू मड़ावी इस बात से नाराज रहता था और कई बार समझाने के बावजूद मृतक का घर आना-जाना बंद नहीं हुआ। इसी रंजिश के चलते सोनू ने अपने साथी मिथुन सैयाम के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस के मुताबिक 19-20 मई की रात दोनों आरोपी खेत की मेढ़ पर घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही सुरेंद्र वहां पहुंचा, दोनों ने कुल्हाड़ियों से उसके सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को घसीटकर तालाब में फेंक दिया गया ताकि मामला दुर्घटना या आत्महत्या जैसा लगे। आरोपियों ने रास्ते में पड़े खून के निशानों पर मिट्टी डालकर सबूत मिटाने की कोशिश भी की। जहां आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो कुल्हाड़ियां, खून लगे कपड़े, मोबाइल फोन और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य जब्त किए हैं।

# दुकान बंद कर घर लौट रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने रौंदा, सड़क हादसे में मौत

बालाघाट (स्वतंत्रमत)



भरवेली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हीरापुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक राजू पिता सुखचंद ऐसने वार्ड नंबर 7 हीरापुर निवासी थे, जो गांव के चौक में चाय-नाश्ते की दुकान संचालित करते थे। हादसा 24 मई की देर रात करीब 11 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार राजू एसने रोजाना की तरह दुकान बंद कर पैदल अपने घर लौट रहे थे। दुकान से घर की दूरी लगभग 2 किलोमीटर बताई गई है। इसी दौरान किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद राहगीरों और ग्रामीणों ने घायल बुजुर्ग को सड़क किनारे पहुंचाया तथा परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुत्र योगेश मौके पर पहुंचा और घायल पिता को बाइक से जिला अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नौतपा के पहले दिन कटंगी में भीषण गर्मी

## तापमान 43 डिग्री पर पहुंचा, दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

कटंगी (स्वतंत्रमत)





कटंगी शहर में नौतपा के पहले ही दिन भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। सोमवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा छा गया और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद भलावी ने इस स्थिति को देखते हुए क्षेत्रवासियों के लिए विशेष अपील की है। नौतपा, जिसे मौसम विज्ञान में सबसे गर्म दिनों का प्रतीक माना जाता है, इस बार कटंगी में अपने पहले ही दिन असर दिखने लगा। सुबह 08 बजे से ही धूप तेज हो गई थी। दोपहर 01 बजे तक तापमान 43 डिग्री पर पहुंच गया। शहर के बाजार, चौक और मुख्य मार्गों पर लोगों की आवाजाही लगभग बंद हो गई। कटंगी की मुख्य सड़कें, बस स्टैंड रोड, गांधी चौक और बाजार क्षेत्र दोपहर में वीरान हो गए। सामान्य दिनों में जहां भीड़भाड़ रहती है, वहां सन्नाटा छा गया। गर्मी से बचने के लिए लोग पेड़ों की छांव, घरों के अंदर और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते दिखे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद भलावी ने नागरिकों को गर्मी से बचाव के लिए जरूरी निर्देश दिए। दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर निकलने से बचें। हल्के और सूती कपड़े पहनें। पानी का अधिक सेवन करें और शरीर को हाइड्रेट रखें। बच्चों और बुजुर्गों को धूप में जाने से रोकें। लू लगने के लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

**आग बरसाती धूप से बेहाल जनजीवन-** नौतपा का पहला दिन ही आग बरसाने वाला साबित हुआ। आसमान से उतरती तपिश ने जनजीवन को झुलसा दिया। सुबह से ही सूरज ने तीखे तेवर दिखाए और दोपहर तक तापमान सामान्य से कहीं अधिक बढ़ गया। ग्रामीण अंचलों में भी तेज धूप की वजह से जनजीवन बेहाल नजर आया। खेतों में कामकाज प्रभावित हुआ। मजदूरों को दोपहर में काम रोकना पड़ा और कई जगहों पर सिंचाई कार्य भी ठप हो गया। पशुधन पर भी गर्मी का असर दिखने लगा। तेज गर्मी के कारण बिजली की खपत अचानक बढ़ गई। कई जगह ट्रिपिंग और कटौती हुई। इससे घरों पर असर पड़ा। बता दें कि ऐसी भी लोकमान्यता है कि नौतपा जितना अधिक तपेगा, उतनी ही अच्छी वर्षा होगी।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी उमरिया का ब्लाक संवाद कार्यक्रम संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)




ब्लाक कांग्रेस कमेटी उमरिया द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृष्णा गार्डन उमरिया में ब्लॉक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण कर सम्पन्न हुआ, तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संगठन को सशक्त करने के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए जिसमे प्रमुख रूप से जिला संगठन प्रभारी सम्मति सैनी जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में अनुशासन के साथ बूथ स्तर पर वार्ड, ग्राम पंचायत कमेटी मंडलम कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का गठन अतिशीघ्र करना सुनिश्चित करे। वही पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजिनियर विजय कोल ने अपने संबोधन में कहा कि जिला कांग्रेस समन्वय स्थापित कर करने का पूरा प्रयाश कर रही है, उसके लिए ग्राम पंचायत कमेटी , बूथ कमेटी वार्ड कमेटी, प्रकोष्ठों के कमेटी का गठन करना सुनिश्चित करे, साथ ही कहा कि आगामी होने वाले चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण ईमानदारी से निर्वाहन करें जिससे कांग्रेस पार्टी उमरिया जिले की दोनों विधान सभा जीत सके। विधानसभा बांधवगढ़ प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की नसीहत दी , उन्होंने कहा कि पार्टी से बढ़कर कोई नहीं है, जो पार्टी में अनुशासन के साथ कार्य करेगा उसी को पार्टी की ओर से सम्मान भी मिलेगा। वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष मिथलेश राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमारी मां के समान है सबको पार्टी की प्रतिष्ठा और सम्मान के लिए घर से बाहर निकलकर भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों का विरोध करना पड़ेगा, उन्होंने संकल्प दिलाया कि कांग्रेस पार्टी को अपने ब्लॉक कांग्रेस उमरिया से आगामी होने वाले चुनाव में विजय श्री प्राप्त कराने के लिए हर, सम्भव प्रयास करें। कार्यक्रम को पुष्पराज सिंह, वीरेंद्र सिंह सेंगर, सावित्री सिंह, अमृतलाल यादव, मो नईम ,मो अस्लम शेर,शकुंतला ध्रुवे, अशोक गौंटिया, अवधेश राय, मंडलम अध्यक्ष श्री राजाराम राय, किशोर सिंह लोधी, राजेश तिवारी ने संबोधित किया, कार्यक्रम का सफल संचालन एड शिशुपाल यादव ने किया। कार्यक्रम में अनुराग सिंह अंबुज, ध्रुव सिंह,राहुल देव सिंह, शकील खान, मो रईस मंसूरी, संजय पांडे, सुखराज सिंह, बहोरी साहू, रेखा सिंह, उत्तरा लोधी, कृष्ण पाल सिंह राठौर, अजय सिंह सोमवंशी, राजेंद्र तिवारी, महेंद्र प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, छत्रपाल सिंह, जमुना अग्रवाल, संजय कुमार कोल, राजकुमार रजक, सूरज साहू, अशोक, शशि कुमार, प्रदीप रजक, सुरेश कोल, वासु राय, कमलेश, मनोज यादव, राज सिंह, श्याम किशोर तिवारी, राजेश कुमार यादव, महेद्र राय, छोटेलाल रजक, शिवदास यादव, रमेश प्रसाद भरौला, अमृतलाल यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर सगरा तालाब में हुआ श्रमदान

## जल संरक्षण एवं स्वच्छता का दिया संदेश

उमरिया (स्वतंत्रमत)



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर गंगा दशहरा पर्व के पावन अवसर पर संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार 25 मई को जिले में व्यापक जल संरक्षण गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान को जनभागीदारी आधारित जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में जिला मुख्यालय उमरिया स्थित सगरा तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह, कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता कर श्रमदान किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तालाब के किनारों पर जमा गाद को हटाने का कार्य किया तथा आमजन को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह को निर्देशित किया कि तालाब परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा सगरा तालाब को अधिक आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्य शीघ्र कराए जाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,संयुक्त कलेक्टर रीता डहरिया,डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव,कमलेश नीरज तथा पार्षद त्रिभुवन प्रताप सिंह सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली का हुआ आयोजन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - फिट इंडिया के तहत रविवार 24 मई को स्टेडियम उमरिया में हॉकी उमरिया के अध्यक्ष अजय सिंह पूर्व विधायक ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले में चल रहे ग्रीष्म कालीन शिविर कर हॉकी खिलाड़ियों की साइकिल रैली एवं मैराथन दौड़ स्टेडियम से अस्पताल चौक से जय स्तंभ चौक होते हुए गांधी चौक, रणविजय चौक होते हुए वापस स्टेडियम साइकिल रैली पहुंची। इस अवसर पर उमरिया हॉकी सचिव संतोष सिंह, उपाध्यक्ष ठाकुर दास सचदेव, पी.एन. राव, आयाज खान, संजय सिंह प्रवीन पसेरिया, रास्ट्रीय खिलाडी सोहेब अंसारी जितेन्द्र सोंधिया, साकिब अंसारी, राजा भैया कोरी, आर्यन, दीपक सिंह एवं वॉलीबॉल के महिला पुरुष खिलाडी रैली में शामिल होकर फिट इंडिया रैली को सफल बनाया।

## डायल 108 एंबुलेंस बनी हादसे की वजह, तीन युवक घायल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले में मरीजों की जान बचाने वाली डायल 108 एंबुलेंस ही इस बार सड़क हादसे की वजह बन गई। जिला मुख्यालय के गौटिया पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार से दौड़ रही 108 एंबुलेंस ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

उमरिया (स्वतंत्रमत)




भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग सोमवार 25 मई को ताला बांधवगढ़ स्थित नेचर हेरिटेज रिसोर्ट में प्रारंभ किया गया, जिसमें सबसे पहले भाजपा का ध्वज फहराया गया। पूर्व के समय में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिनकी मृत्यु हो चुकी है उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ भाजपा सरकार की उपलब्धियां की एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अवलोकन अतिथियों ने किया। दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को 12 सत्रों में विभाजित किया गया जिसमें पहले दिन 7 सत्रों का प्रशिक्षण संपन्न किया गया। प्रत्येक सत्र के अलग-अलग वक्ताओं ने अपने अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान दिया। सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है इसलिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी जरूरी है जिससे संगठन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों और अनुशासन का पालन किया जा सके। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी को दो दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल होना है और रात्रि विश्राम भी यही करना है सभी के लिए खाने-पीने सोनी ठहरने इत्यादि की पूर्ण और व्यवस्था की गई है। संभागीय संगठन प्रभारी गौरव सारोठिया ने अपने निर्धारित विषय को लेकर कहा कि कोई भी संगठन चलाने के लिए उसके रीति नीति को समझना जरूरी है इसलिए भाजपा अपने कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कर रही है उन्होंने बताया कि 1951 में जनसंघ के रूप में गठन के बाद पहले चुनाव में भाजपा मात्र दो सीट जीत पाई थी। लेकिन वह लगातार संगठन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर जोड़ते रहे और आज वह दिन है जब भाजपा की सरकार केंद्र से लेकर कई राज्यों में विद्यमान है। बीजेपी अपने कार्य पद्धति और कार्य विस्तार से आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बन गई है। उन्होंने कहा कि अभी हम जिला स्तर का प्रशिक्षण वर्ग कर रहे हैं इसके पहले मंडल और शक्ति केदो में प्रशिक्षण किया जा चुका है.लेकिन यह प्रशिक्षण यही नहीं रुकेगा बल्कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कराया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2003 से पहले कांग्रेस शासन काल में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा का बुरा हाल था। लेकिन 2003 में जब प्रदेश में भाजपा सरकार बनी इसके बाद से पूरे प्रदेश में चहुंऔर विकास कार्य प्रारंभ कराए गए। भाजपा सरकार ने शहर से लेकर गांव तक पक्की सड़क बनवाई जिससे आवागमन सुलभ हुआ है। ग्रामीण स्तर पर 24 घंटे बिजली की उपलब्धता कराई वहीं गांव में स्कूल भवन बनाकर नए स्कूल खोलने का काम किया स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी भाजपा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सर्व सुविधा युक्त जिला चिकित्सालम का निर्माण किया है। कांग्रेस शासनकाल में किसान खेती में हमेशा नुकसान झेलता रहा है क्योंकि ना तो उन्हें भरपूर बिजली मिल पाती थी और ना ही सिंचाई के साधन रहे हैं। भाजपा सरकार ने जहां किसानों को सिंचाई के लिए 24 घंटे बिजली की उपलब्धता कराई, वहीं सिंचाई के लिए नहर, जलाशय और अनेको बांध बनवाए हैं। भाजपा सरकार ने किसने के लिए फसल बीमा योजना बनाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। पूरे कार्यक्रम का वातावरण संगठनात्मक ऊर्जा, अनुशासन एवं राष्ट्रभावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया। सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार ने भी अपने विषय को लेकर व्याख्यान दिया है। प्रशिक्षण वर्ग में मानपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पूर्व मंत्री सुश्री मीना सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष और जिले के वरिष्ठ नेता मिथिलेश पयासी, राकेश शर्मा, अरविंद बंसल, मनीष सिंह, जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र पांडे सहित जिला भाजपा कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, संयोजक और महामंत्री एवं काफी तादाद में मात्र शक्तियों उपस्थित थी। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री दीपक छतवानी ने किया। वर्ग गीत उपाध्यक्ष सुमित गौतम ने प्रस्तुत किया।

## आधार अपडेशन 26 मई तक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मंडला संभाग अंतर्गत डाकघरों में संचालित आधार सेवा केंद्रों पर नवीन आधार पंजीयन आधार कार्ड में सुधार बायोमेट्रिक अपडेशन तथा आधार डेटा में मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी लिंक अपडेट करने के लिए 25 एवं 26 मई को विशेष अभियान चलाया जाएगा। विशेष अभियान के दौरान सभी आधार सेवा केंद्र प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित होंगे जबकि प्रधान डाकघर मंडला में संचालित आधार सेवा केंद्र प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। नागरिक अपने निकटतम डाकघर आधार केंद्र पहुंचकर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। मंडला संभाग अंतर्गत 1 प्रधान डाकघर एवं 9 उपडाकघरों में आधार पंजीयन एवं अपडेशन अभियान संचालित किया जा रहा है। मंडला जिले में स्थित आधार सेवा केंद्रों में प्रधान डाकघर मंडला, उपडाकघर नैनपुर, उपडाकघर निवास, उपडाकघर पिंडरई, उपडाकघर चिरईडोंगरी, उपडाकघर महाराजपुर, उपडाकघर डिंडोरी, उपडाकघर शाहपुरा निवास, उपडाकघर बम्हनी तथा उपडाकघर सिझौरा शामिल हैं।

## आजाद अध्यापक ने की सहायता

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ नारायणगंज द्वारा मानवता एवं सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए स्व. अमर सिंह कुलस्ते के गृह ग्राम हर्राटीकुर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की गई। संघ के पदाधिकारियों ने परिजनों को सांत्वना देते हुए दुख की इस घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ हमेशा अपने साथियों एवं समाज के हर सुख-दुख में साथ खड़ा रहता है। इसी संकल्प के तहत संघ की ओर से स्व. कुलस्ते के परिवार को 11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शेख रहमान, जिला संयोजक हेमन्त मरावी, नरबद मरावी, रामदयाल वरकड़े, मुकेश पाठक, चन्द्रभान धनगर, अमोल उइके, ओमकार उलाड़ी, सहपत मरावी, चैन सिंह मरावी, सुशील कुमार मरावी सहित ग्राम के सरपंच एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

## फुटबॉल एकेडमी चयन आज से

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के युवा खिलाड़ियों को मिलेगा अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर के निर्देशानुसार द्वारा मध्य प्रदेश फुटबॉल एकेडमी चयन ट्रायल्स-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रायल्स 26 एवं 27 मई को आयोजित होंगे इस आयोजन के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय मंच तक पहुंचने का सुनहरा अवसर मिलेगा। ट्रायल्स में 8 से 18 आयु वर्ग तक के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। चयन प्रक्रिया प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रारंभ होगी खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा नियुक्त अनुभवी प्रशिक्षक एवं द्वारा किया जाएगा आयोजकों के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रहेगी संघ ने जिले के खिलाड़ियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## बैगा बस्ती में जल संकट

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मोहगांव के ग्राम पंचायत पिपरिया कि पोषक ग्राम रमखिरिया में निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के परिवार भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं पाताल जैंसी गहरी कुआ से गंदा पानी निकालकर पीने को बैगा समुदाय मजबूर हैं लगभग 40 फिट गहरी गहरी कुंआ से कीचड़ युक्त गंदा पानी निकालकर पीने को मजबूर हैं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन ग्राम पंचायत कि विकास के दावों और जल जीवन मिशन कि बदहाल व्यवस्था कि पोल खोलकर रख दिया है।

# उधार किराना न देना दुकानदार को पड़ा भारी, नर्मदा बोरवेल के हथियारबंद बदमाश ने की हत्या, गांव में भारी तनाव

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)

जिले के घुघरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोरेघाट में शनिवार देर रात हुई एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया है। मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। नर्मदा बोरवेल के कर्मचारियों ने मंडला से गुंडों की फौज बुलाकर एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघरी में किया जा रहा है। वहीं पीड़ित लोगों से मिलने बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा पहुंचे और जबावदार अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। घटना के बाद गांव में भारी तनाव आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है जानकारी के मुताबिक ग्राम घोरेघाट में पिछले कुछ दिनों से नर्मदा बोरवेल की मशीन द्वारा बोरिंग का काम चल रहा था। शनिवार रात करीब 12 बजे बोरवेल में काम करने वाले कुछ कर्मचारी शराब के नशे में धुत होकर गांव की एक किराना दुकान पर पहुंचे। दुकान संचालक संतोष पड़वार ने कर्मचारियों को सामान दिया





लेकिन जब उसने सामान के पैसे मांगे तो बात बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शराब के नशे में धुत कर्मचारियों ने पैसे देने के बजाय दुकान संचालक से गाली-गलौज शुरू कर दी देखते ही देखते बहस बढ़ गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया गांव के लोगों ने उस समय किसी तरह मामला शांत कराया लेकिन कर्मचारियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि विवाद के कुछ ही देर बाद नर्मदा बोरवेल कर्मचारियों ने फोन करके मंडला से बड़ी संख्या में बदमाशों को गांव बुला लिया। देर रात गांव की सडक़ों पर अचानक कई गाडियों के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। बाहर से आए लोगों ने सीधे तौर पर हिंसक रुख अपनाया और लाठी-डंडों तथा अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले के दौरान स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोग बीच-बचाव के लिए आगे आए तो मामला और अधिक उग्र हो गया इसी दौरान दुकान संचालक के छोटे भाई अनिल पड़वार भी मौके पर पहुंचे जहां अनिल पड़वार पर भी लाड़ी डंडो से हमला किया गया जिससे उन्हें सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत बचाने की कोशिश की गई लेकिन मौके पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगो का आरोप है कि हमलावरों ने केवल पुरुषों पर ही नहीं बल्कि बीच-बचाव करने आई महिलाओं और बच्चों पर भी हमला किया। इस दौरान कई लोग घायल हुए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी में भर्ती कराया गया घटना के बाद सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी लाया गया जहां उनका उपचार जारी है। वहीं सोमवार की सुबह परिजनों ने मृतक का शव भी अस्पताल में रखकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया मृतक के परिजनों का कहना है कि जब तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता और उन्हें न्याय नहीं मिलता तब तक वे पोस्टमार्टम की अनुमति नहीं देंगे। सूचना मिलते ही घुघरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी पूजा बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित मारपीट करने वाले युवकों पर मामला दर्ज किया। मामले में मंडला पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने बताया कि मामला गंभीर है तत्काल पुलिस एक्शन लेते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया आगे की जांच पड़ताल की जा रही है। बता दें मंडला जिले में भीषण गर्मी के बीच भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। एक तरफ प्रशासन जल संरक्षण और भूजल बचाने की बात कर रहा है तो दूसरी तरफ जिले में कथित तौर पर बिना अनुमति बोरिंग का खेल धड़ल्ले से जारी है। सूत्र बताते है नर्मदा बोरवेल नाम से संचालित टीम जिले के अलग-अलग इलाकों में नियमों को ताक पर रखकर बोरिंग कर रही है जबकि ग्रीष्मकालीन अवधि में बोर खनन पर प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। बताया जा रहा है कि कलेक्टर के निर्देश साफ हैं कि गर्मी के दौरान नए बोरिंग कार्य पर रोक रहे ताकि भूजल स्तर और नीचे न जाए। इसके बावजूद कई ग्रामीण क्षेत्रों में रात के अंधेरे में मशीनें चलने की चर्चाएं आम हो चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी वैधानिक अनुमति के बोरिंग कराई जा रही है और शिकायत होने पर मामले को दबाने का प्रयास भी किया जाता है। सूत्रों के अनुसार कई जगहों पर स्थानीय लोगों ने जब बोरिंग कार्य का विरोध किया तो कथित तौर पर कर्मचारियों द्वारा अभद्रता और दबाव बनाने की कोशिश की गई। कुछ मामलों में कर्मचारियों पर गुंडागर्दी जैसे आरोप भी लगे हैं।

## बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)

मोहगांव क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और विद्युत व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मोहगांव बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मोहगांव के जेई से मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्याओं पर चर्चा की और थाना प्रभारी मोहगांव की उपस्थिति में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी को चेतावनी




दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया कि विगत लगभग 15 दिनों से क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती की जा रही है। विभाग द्वारा मेंटेनेंस का हवाला दिया जा रहा है लेकिन जनता को संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है। आए दिन ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है जिससे आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कम वोल्टेज के कारण घरों और दुकानों में लगे विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं। व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है बिजली कटौती के कारण कंप्यूटर एवं ऑनलाइन सेंटर संचालक चक्की एवं मिल व्यवसायी कोल्ड ड्रिंक व्यापारी और छोटे दुकानदार आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजना की सप्लाई बाधित होने से पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस दौरान जिला कांग्रेस महासचिव किशोर अग्रवाल, जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हसीब खान, जिला कार्यसमिति सदस्य प्रेमलता उइके, जिला महासचिव हेतराम साहू, जिला सचिव गुड्डी बाई भारतीया, गोंदिया बाई, जिला मीडिया प्रभारी हीरा उइके, जिला आईटी सेल जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के किशन टांडिया, वरिष्ठ कांग्रेसी दादा राम नोवमी, पूर्व मंडलम अध्यक्ष प्रकाश पदम, अरुण बैरागी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष जयपाल मार्को, रामलाल कोर्चे, सरजू प्रसाद, फग्गन मरावी, महेश धुर्वे, राजू भारतीया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण पर निकाली कलश यात्रा

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक समन्वयक संतोष झरिया के मार्गदर्शन में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत पटपरा में प्रवाहिनी समिति एवं नवांकुर संस्था द्वारा जल संरक्षण और जनजागरूकता को लेकर जल कलश यात्रा एवं कलश पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन से हुई। इसके पश्चात ग्राम की माताओं बहनों एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक जल कलश यात्रा निकाली यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली जिसमें जल संरक्षण स्वच्छता एवं



जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र के प्रमुख जल स्रोत हैंडपंप का पूजन कर जल के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को जल बचाने एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पटपरा के सरपंच, सचिव, वार्ड पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही प्रवाहिनी समिति की अध्यक्ष पुष्पा ज्योतिषी, उपाध्यक्ष ममता साहू एवं कोषाध्यक्ष अनीता तिवारी की उपस्थिति रही।

## बस एजेंट की अभद्रता से बिफरे अधिवक्ता

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष एड. मनोज गुप्ता के साथ बस स्टैंड पर हुए विवाद और अभद्रता के मामले ने सोमवार को तूल पकड़ लिया। इस घटना के विरोध में वकीलों ने बस स्टैंड परिसर में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपी बुकिंग एजेंट मुन्ना पटेल और आशीष पटेल के खिलाफ सख्त कार्रवाई मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सोनल सिडाम, एसडीओपी पीयूष मिश्रा और कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने वकीलों को कार्यवाही का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। एडवोकेट मनोज गुप्ता ने बताया कि यह घटना रविवार को हुई थी। वे अपनी पत्नी और बच्चों को जबलपुर जाने वाली बस



में बैठाने बस स्टैंड आए थे। इसी दौरान बुकिंग एजेंट मुन्ना पटेल और आशीष पटेल ने उनके साथ अभद्रता गाली-गलौज और मारपीट की। गुप्ता ने आरोप लगाया कि मुन्ना पटेल आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने आरोपी पर कठोर कार्यवाही और जिलाबदर मांग की है। एसडीओपी पीयूष मिश्रा और थाना प्रभारी शफीक खान ने जानकारी दी कि मनोज गुप्ता की शिकायत पर मुन्ना पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में वकीलों और बस स्टैंड एसोसिएशन से भी चर्चा की जा रही है। पुलिस और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्थिति फिलहाल शांत हो गई है। हालांकि बस स्टैंड क्षेत्र में जाम बस संचालकों और बुकिंग एजेंटों की मनमानी जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थायी समाधान के बिना ऐसे विवाद आगे भी होते रहेंगे। पुलिस प्रशासन ने इन समस्याओं के समाधान के लिए चौकी व्यवस्था नियमित पेट्रोलिंग और यातायात अमले के जरिए सुधार के प्रयासों की बात कही है।

## सुंदरकांड समिति कर रही आयोजन

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** नगर स्थित राधा कृष्ण कुटी में सुंदरकांड समिति द्वारा विगत 4 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों द्वारा निरंतर धार्मिक आयोजन के चार वर्ष पूर्ण होने पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसका समापन रविवार को विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्रृद्धालुओं द्वारा



अखंड रामायण पाठ में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई गई। समापन अवसर पर हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए और धर्म लाभ प्राप्त किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि राधा कृष्ण कुटी में प्रत्येक मंगलवार सुंदरकांड का आयोजन निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान रघुनंदन विश्वकर्मा, राजेश सोनी, राजू साहू, विनोद अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, मगन अग्रवाल, चितेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र सोनी, संतोष सोनी, नरेश सोनी, विकास अग्रवाल, राकेश शर्मा, दिनेश साहू सहित समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## नगर परिषद ने मनाया गंगा दशहरा पर्व



**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 14 श्रीराम मंदिर के समीप एनीकट में गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां विधि विधान से मां गंगा की पूजा अर्चना के साथ गंगा आरती कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी और प्रकृति एवं जन-जीवन को धन्य किया था। इस वर्ष गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान को व्यापक स्वरूप देते हुए जन-जन को जोड़ा गया जिसके तहत श्रमदान से होगा जल संरचनाओं का पुनर्जीवन अभियान के अंतर्गत जनसमुदाय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से स्थानीय जल स्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन किया गया। कार्यक्रम में शशिकांत श्रीवास्तव, अजयपुरी गोस्वामी, त्रिवेणी तेकाम, नारायणी साहू, पुरूषोत्तम शुक्ला, कर्मचारियों में नोडल अधिकारी अशोक यादव, सह नोडल अधिकारी अक्षय चौधरी, नारायण परते, घनश्याम चौहान, मनोज निगम ,अनीता रजक, कौशल्या तेकाम, सचिन यादव, दीपक रजक, अहमद अली, मनोज मोगरें, अजय मदें, अशीष नंदा, राजेन्द्र पाण्डेय,आदि उपस्थित रहे।

# विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर समाज चिंतित

### आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की मांग, सौंपा ज्ञापन

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

जैन साधू संतो की सुरक्षा को लेकर जैन समाज चिंतित है। हाल ही में विहाररत आर्यिका माताजी के साथ हुई दुखद घटना की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए जैन समाज नर एक ज्ञापन शासन प्रशासन कर नाम सौंपा है। जिसमें संघ की पूज्य आर्यिकाओं के असमायिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है। समाज का कहना है कि यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती। आरोपित किया गया है कि उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। जैन समाज ने इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच की





मांग की है। बताया गया कि जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएँ एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यन्त चिंताजनक विषय हैं। अपनी प्रमुख मांगो में जैन समाज ने घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की मांग कर साथ प्रकरण की एस आई टी अथवा न्यायिक जाँच की मांग की है। घटना से संबंधित सभी वीडियो एवं डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित किए जाएँ, दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए, यदि सुनियोजित कृत्य अथवा षड्यंत्र के तथ्य मिलें, तो तदनुसार कठोर कानूनी धाराएँ लगाई जाएँ। विहाररत साधु-संतों की सुरक्षा हेतु संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया जाए, विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय हो,संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग के साथ ट्रैफिक नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की जाए।

संपादकीय

# तीन बेटियां, एक सा दर्द

दहेज की मांग, मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के आरोपों के बीच ट्विशा शर्मा, दीपिका नागर और पलक रंजन की मौत ने एक बार फिर भारतीय समाज में दहेज प्रथा, महिलाओं की सामाजिक स्थिति और न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भोपाल की ट्विशा शर्मा, नोएडा की दीपिका नागर और ग्वालियर की पलक रंजन अपने मायके वापस नहीं लौट सकीं। तीनों मामलों में परिवारों ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष लगातार पैसे, महंगे उपहार और दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटियों को प्रताड़ित कर रहा था। समाज में दहेज को अब 'गिफ्ट' और 'भव्य शादी' के नाम पर सामान्य बना दिया गया है, जबकि तलाक आज भी कलंक माना जाता है। एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में देशभर में 5,737 दहेज हत्याएं दर्ज हुईं। यानी हर दिन औसतन 16 महिलाओं की मौत दहेज के कारण हुई। हालांकि यह संख्या 2023 के 6,156 मामलों से कम है, लेकिन अब भी हर महीने करीब 478 महिलाओं की जान जा रही है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 80, जो पहले आईपीसी की धारा 304बी थी, के तहत देशभर की अदालतों में 59,446 मामले लंबित हैं। इन मामलों में दोषसिद्धि दर केवल 46 प्रतिशत के आसपास है। ट्विशा, दीपिका और पलक की कहानियां अलग-अलग शहरों की जरूर हैं, लेकिन दर्द लगभग एक जैसा है। भोपाल में ट्विशा शर्मा 12 मई को शादी के महज पांच महीने बाद अपने ससुराल में फंदे से लटकी मिलीं। उसी दिन ग्वालियर में पलक रंजन ने शादी के करीब एक साल बाद आत्महत्या कर ली। वहीं 17 मई को ग्रेटर नोएडा में दीपिका नागर की मौत हुई, जिसने कथित तौर पर अपने ससुराल की इमारत से छलांग लगा दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि सामाजिक दबाव महिलाओं को रिश्तों से बाहर निकलने से रोकता है। महिलाओं को बचपन से ही यह सिखाया जाता है कि शादी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी होती है। ऐसे में आर्थिक रूप से सक्षम होने के बावजूद महिलाएं मानसिक रूप से खुद को रिश्ते से बाहर निकलने के लिए स्वतंत्र नहीं मान पातीं। महिलाएं सोचती हैं कि क्या समाज उन्हें स्वीकार करेगा? क्या परिवार उनका साथ देगा? कई बार बच्चे और परिवार की जिम्मेदारियां भी उन्हें फैसले लेने से रोकती हैं। कम दोषसिद्धि दर अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है। कई मामलों में फॉरेंसिक जांच कमजोर होती है, सबूत सही तरीके से इकट्ठा नहीं किए जाते और लंबी कानूनी प्रक्रिया के कारण परिवार भी केस वापस लेने लगते हैं। कई बार बच्चों की जिम्मेदारी को देखते हुए लड़की के परिवार वाले केस वापस ले लेते हैं। वहीं अगर चार्जशीट मजबूत नहीं होती तो बचाव पक्ष आसानी से सवाल खड़े कर देता है। देखा जाय तो दहेज अब नए रूपों में सामने आ रहा है। पांच सितारा शादियां, डेस्टिनेशन वेडिंग, मेहमानों के लिए चार्टर्ड फ्लाइट जैसी चीजें अब स्टेटस सिंबल बन चुकी हैं और इन्हें समाज सामान्य मानने लगा है। बहरहाल, इन तीनों मौतों ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कानून होने के बावजूद महिलाएं सुरक्षित क्यों नहीं हैं? क्या सामाजिक सोच और न्याय व्यवस्था की धीमी रफ्तार महिलाओं को न्याय मिलने से रोक रही है? और सबसे बड़ा सवाल आखिर बेटियां अपने ही घरों में कब सुरक्षित महसूस करेंगी?

इन तीनों मौतों ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कानून होने के बावजूद महिलाएं सुरक्षित क्यों नहीं हैं? क्या सामाजिक सोच और न्याय व्यवस्था की धीमी रफ्तार महिलाओं को न्याय मिलने से रोक रही है?

डेक्कन-डायरी

# स्तालिन : सरोकारों की राजनीति



डॉ. सुधीर सक्सेना
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

स्तालिन अब मुख्यमंत्री नहीं हैं। राजनीति की तालिका में अब वह तमिलनाडु के भूतपर्वू मुख्यमंत्री के तौर पर वर्गीकृत हैं। उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में तमिलनाडु ने विकास के मान से जबर्दस्त कुलांचे भरी। अपनी विदेश यात्राओं से उन्होंने राज्य के लिये फंड जुटाया और विकास की दर को अप्रत्याशित रूप से दहाई में ले गये। उन्होंने कांग्रेस से अपने रिश्ते को संजीदगी से निभाया। यही नहीं, उदारता और चातुर्य के चलते उन्होंने कमलहासन को राज्यसभा में पहुंचाया। पराजय को खिलाड़ी भावना से ग्रहण करने का ही नतीजा है कि उन्होंने जनादेश को बिना किसी नुक्ताचीं के स्वीकार किया और अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिये रैली निकाली। प्रश्न उठता है कि अब वह क्या करेंगे? इस प्रश्न का उत्तर बूझने के लिये आइये, पहले हम उनकी राजनीतिक यात्रा पर दृष्टिपात करें।

वह अनीश्वरवादी हैं; नितांत नास्तिक, अलबत्ता किसी भी आस्था के प्रति उनके मन में अनादर का भाव नहीं है। वह पूर्णकालिक राजनीतिज्ञ हैं; लेकिन उनकी, सियासत का सलीका और लहजा अन्य सियासतदानों से भिन्न है। औरों की लकीर मिटाने के बजाय वह लंबी लकीर खींचने में यकीन रखते हैं। सरोकार उनकी राजनीति की धुरी हैं और वह लोकमंगल के जरिये राजनीतिक अभीष्ट साधने का उपक्रम करते दीखते हैं।

पूरा नाम मुथुवेल करुणानिधि स्तालिन, मगर जाने जाते हैं एमकेएस या स्तालिन के नाम से! राजनीति के बीहड़ में उतरे पांच दशक से ज्यादा अर्सा हुआ। सन् 1967 में उन्होंने अपने चाचा मुरासोली मारन के लिए चुनाव प्रचार किया था। तब उनकी उम्र मात्र 14 वर्ष थी। एक मार्च सन् 24 को उन्होंने अपने जीवन के 71 वर्ष पूरे किये। राजनीति उनक रगों में है। पिता के. करुणानिधि अनेकश~ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रहे और उनके उल्लेख के बिना तमिल-राजनीति और तमिल-सिनेमा की गाथा अधूरी ही रहेगी।

स्तालिन ने राजनीति में लंबी पारी खेली है। वह शरीफ मिजाज हैं और तंगजहनी से दूर हैं। वह 7 मई, 21 में मुख्यमंत्री बने। 65 लाख स्कूली बच्चों को बस्ते बांटने की महत्वाकांक्षी योजना को पूर्ववर्ती सरकार मंजूरी दे चुकी थी। तैयार बस्तों पर अन्नाद्रमुक नेत्री जयललिता और पूर्व सीएम पलनीसामी की तस्वीरें छपी थीं। कोई और सीएम होता तो इन बस्तों के वितरण को रोक देता अथवा अपनी तस्वीरों के बस्ते तैयार करवाता, लेकिन स्तालिन ने उन बस्तों को बेरोक बंटवाया। इसी तरह उन्होंने सन् 21 में कोविड की दूसरी महामारी में गजब की तत्परता, साहस और प्रबंधन का परिचय दिया। उन्होंने दवाओं, एम्बुलेंसों और ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए %वार रूम% शुरू किया। चिकित्सकों की चेतावनी के बावजूद जान जोखिम में डालकर वह पीपी किट पहनकर कोविड-रोगियों के वार्डों में गये और विभीषिका व उपचार की प्रत्यक्ष जानकारी लेकर जरूरी कदम उठाये।

स्तालिन ने राजनीति के कीमती पाठ कुछ घर में सीखे हैं और कुछ बाहर। वस्तुत~ वह घरे-बाहिरे दीक्षित योद्धा हैं। राजनीति का ककहरा उन्होंने पिता करुणानिधि और चाचा मुरासोली मारन से सीखा। उनके नामकरण का किस्सा भी दिलचस्प है। करुणानिधि चेन्नै में एक शोकसभा को संबोधित कर रहे थे। सोवियत रूस के सर्वेसर्वा जोसेफ स्तालिन की चार दिन के अंतराल पर हुई मृत्यु से पिता ने पुत्र को नाम दिया स्तालिन। युवा स्तालिन की पहली जेल यात्रा हुई सन् 1976 में इमर्जेन्सी में, जब वह मीसा बंदी हुए। जेल में उन्होंने यातनाएं भी झेलीं। उन्हें बचाने के फेर में साथी चित्ति बाबू की मौत भी हो गयी। उन्होंने जेल में रहते हुए बीए किया और पहला चुनाव सन 84 चेन्नै में थाउजेंड लाइट्स से लड़ा। इसके बाद इसी इलाके से सन् 91 में पराजय को छोड़ दें तो सन् 89 में पहली जीत के बाद वह 1996, 2001, 2006, 2011, 2016 और 2021 में अनवरत जीते। हां, यह जरूर है कि पिछले तीन चुनाव उन्होंने थाउजेंड लाइट्स के बजाय कोलथुर से लड़े। स्तालिन सन् 1982 में द्रमुक की यूथविंग के सचिव बने और करीब-चार दशक तक विंग के पदाधिकारी रहे। सन् 2006 में वह पहलेपहल मंत्री बने और 2009-11 में प्रांत के पहले डिप्टी सीएम रहे।

पेरियार जयंती को उन्होंने सामाजिक न्याय दिवस घोषित किया। मंदिरों में पुजारी पद के लिये उन्होंने सभी जातियों को प्रशिक्षण की स्कीम लागू की। उनकी आर्थिक सलाहकार परिषद के नामों पर गौर करें तो उनकी सोच का आभास मिलता है। एस्टर डुफ्लो, ज्यां द्रेज, रघुराम राजन, अरविन्द सुब्रमण्यम और एस. नारायण जैसे अर्थ-पंडित परिषद के सदस्य हैं। श्रीलंका के तमिल-शरणार्थियों के प्रति उनकी चिंता से सब वाकिफ हैं। वह कहते हैं कि तमिल शरणार्थी अनाथ नहीं हैं। हम उनके साथ हैं। केंटुकी ने उन्हें बिल क्लिंटन, जार्ज बुश, रोनाल्ड रीगन, मोहम्मद अली, विंस्टन चर्चिल जैसी हस्तियों के क्रम में %सद्भावना राजदूत% से सम्मानित किया है।

बिलाशक, स्तालिन भाजपा के धुर विरोधी हैं और नहीं चाहते हैं कि तमिलनाडु में बीजेपी मार्का राजनीति पनपे। अन्नामलै जैसे उग्र नेता के बावजूद तमिलनाड में बीजेपी की विफलता उनके लिए संतोष का विषय है। उन्होंने राजनीति के तहत विश्वासमत में द्रमुक सदस्यों को मतदान से परे रखा। उन्होंने जनादेश का हवाला देकर विपक्ष में बैठना पसंद किया। उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने थलपति विजय स्तालिन के आवास पर गये। बुके का आदान-प्रदान हुआ और उत्तरीय ओढ़ाये गये। अन्नाद्रमुक का विभाजन निश्चित ही स्तालिन के पक्ष में है। स्तालिन का अपना वोट बैंक है और सरोकारों की राजनीति की छवि भी। संसद में द्रमुक महत्वपूर्ण दल है। उन्होंने संकेत दिया है कि आगामी छह माह वह थलपति-सरकार का कामकाज देखेंगे। वह यह भी चाहेंगे कि उनकी लोक लुभावन स्कीमें जारी रहें। किलाड़ी में पुरातात्विक उत्खनन में उनकी गहरी रूचि जगजाहिर है। वह चाहेंगे कि द्रविड़ सभ्यता और संस्कृति पर शोध जारी रहे। आसार यही हैं कि सत्ता गँवाने के बावजूद स्तालिन निष्क्रिय नहीं बैठेंगे और वक्त व मुद्दे का इंतजार करेंगे, जिनके बूत वह राज्य में वापसी की चेष्टा कर सकें।

# चिकित्सा जगत के गौरव डॉ. आर.एस. मिश्रा

## 86 वर्ष की उम्र में भी कर रहे रोगियों की सेवा



प्रतुल श्रीवास्तव

ऊंचा कद, गौर वर्ण, इकहरे बदन वाले आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी डॉ. रविशंकर मिश्रा याने डॉ. आर. एस. मिश्रा के जीवन का लक्ष्य ही पीड़ितों का उपचार कर उन्हें रोगमुक्त जीवन प्रदान करना है। मित एवं मधुर भाषी डॉ. मिश्रा गंभीर और शांत प्रकृति के व्यक्ति हैं। वे परिचतों, अपरिचितों अथवा इलाज कराने आये रोगियों की पूरी बात ध्यान से सुनते हैं और हल्की मुस्कुराहट के साथ ऐसा उत्तर देते हैं कि लोग प्रसन्न और तनाव मुक्त हो जाते हैं । रोगी का आधा इलाज तो उनकी विनम्रता और मीठी वाणी ही कर देती है । वे कहते हैं कि चिकित्सक की वाणी और व्यवहार भी रोगी की प्रतिरोधक क्षमता घटाने - बढ़ने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है ।

25 सितम्बर 1941 को देवरी, सागर में जन्में डॉ. मिश्रा 86 वर्ष की उम्र में भी अपने माता - पिता को दिया पीड़ितों की सेवा का वचन निभा रहे हैं । प्रारम्भिक शिक्षा देवरी से पूर्ण करने के उपरांत मिश्रा जी ने एम जी एम मेडिकल कॉलेज इंदौर से एम बी बी एस किया और 14 अप्रैल 1968 को शासकीय चिकित्सक के रूप में छतरपुर से सेवा प्रारंभ की । इसके उपरांत रीवा से उनकी सेवाएं आर्मी को स्थानांतरित कर दी गईं। उन्होंने 1971 में बांग्लादेश के आजादी के युद्ध में सीमा पर भारतीय सेना के घायल जवानों का मनोयोग से उपचार किया। आपने पश्चिमी पाकिस्तान की सीमा पर भी लंबे समय तक सैनिकों का उपचार किया तदोपरांत पुनः जबलपुर स्थानांतरित हुए फिर दमोह, जबलपुर कोतवाली डिस्पेंसरी, मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं पनागर में सेवाएं देते हुए 2003 में सेवानिवृत्त हुए ।

चिकित्सक के रूप में वे जहां - जहां पदस्थ रहे उनके संपर्क में आए लोग आज भी उन्हें स्नेह और श्रद्धा से याद करते हैं । सेवानिवृत्ति के बाद भी सेवाभावी डॉ. मिश्रा ने घर में आराम करने के बजाए अंतिम सांस तक पीड़ितों की सेवा का संकल्प लिया और जबलपुर स्थित महाकौशल के सुप्रसिद्ध चिकित्सालय नेशनल हॉस्पिटल में सेवाएं देना प्रारंभ किया जो आज तक जारी है । आर्मी में सैनिकों की चिकित्सा के दौरान आपने क्या विशेष अनुभव प्राप्त किया? प्रश्न पर डॉ. मिश्रा ने कुछ क्षण शून्य में निहारने के उपरांत कहा - मुझे युद्धों से घृणा हो गई है, मैंने घायल सैनिकों के अत्यंत मार्मिक दृश्य देखे हैं । किंतु हां, नियमित जीवन शैली और लक्ष्य प्राप्ति के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करने की प्रेरणा मुझे सेना से ही मिली । संभवतः इसी कारण मैं सेवा के अपने लक्ष्य को जीवन के इस पड़ाव में भी निभा पा रहा हूं ।

उन्होंने नेशनल हॉस्पिटल में सेवाएं जारी रहने के प्रति संचालक डॉ. आनंद तिवारी को साधुवाद दिया । डॉ. आर. एस. मिश्रा जी अपने 58 वर्षीय चिकित्सा सेवा काल में लगभग 25 लाख रोगियों की चिकित्सा का कीर्तिमान रच चुके हैं । अपने बाल्यकाल और किशोरावस्था में वे हाकी, बास्केटबाल और कबड्डी के खिलाड़ी रहे हैं । अब फुर्सत में गीत - संगीत सुनना पसंद करते हैं । डॉ. मिश्रा के सुपुत्र आनंद एयर फोर्स में वाइस एयर मार्शल के रूप में देश सेवा - सुरक्षा में रत हैं । डॉ. मिश्रा को स्वस्थ सुदीर्घ जीवन के लिए मंगलकामनाएं ।

# पेट्रोल मूल्य वृद्धि का विरोधाभास, ईंधन बना मुनाफे का इंजन



भूपेन्द्र गुप्ता
(लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं)

भारत में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें अब केवल अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कहानी नहीं रह गई हैं। वे सरकारों की उस आर्थिक संरचना का प्रतीक बन चुकी हैं जिसमें ईंधन उपभोक्ता की आवश्यकता कम और राजस्व का सबसे भरोसेमंद स्रोत अधिक दिखाई देता है। आज जब ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया के तनाव के कारण पेट्रोल की कीमतें फिर बढ़ रही हैं, तब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में जनता केवल वैश्विक संकट का बोझ उठा रही है, या फिर उस कर-व्यवस्था का भी भार झेल रही है जिसने ईंधन को राजस्व मशीन बना दिया है?

भारत जैसे देश में, जहाँ करोड़ों लोग प्रत्यक्ष कर दायरे में नहीं आते, पेट्रोल-डीजल पर लगाया गया टैक्स सरकारों के लिए सबसे आसान आय का साधन बन गया है। उपभोक्ता हर दिन, हर लीटर के साथ टैक्स देता है-बिना किसी बहस, नोटिस या प्रतिरोध के। यही कारण है कि पेट्रोल की कीमत अब केवल ऊर्जा लागत से तय नहीं होती; उसमें सरकारों की राजकोषीय भूख भी शामिल होती है।

वर्तमान मूल्य वृद्धि इसी विरोधाभास को उजागर करती है। सरकारें कह रही हैं कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महँगा हो गया है, इसलिए कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। यह तर्क आंशिक रूप से ही सही है।



भारत लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए वैश्विक संकटों का असर यहाँ पड़ना तय है। लेकिन सवाल यह है कि जब कच्चा तेल सस्ता हुआ था तब जनता को उसी अनुपात में राहत क्यों नहीं मिली?

कोविड काल और उसके बाद कई महीनों तक अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें ऐतिहासिक रूप से नीचे चली गई थीं। उस समय जनता को उम्मीद थी कि पेट्रोल-डीजल सस्ते होंगे। लेकिन हुआ उल्टा। केंद्र सरकार ने एक्साईज ड्यूटी बढ़ाई, और राज्यों ने वैट(मूल्य वर्धित टैक्स) बनाए रखा और पेट्रोल के दाम ऊँचे ही बने रहे। सरकारों का राजस्व बढ़ता गया, जबकि उपभोक्ता राहत की प्रतीक्षा करता रहा।

यहीं से ऊर्जा लागत मॉडल और राजस्व मॉडल का अंतर स्पष्ट होता है।

ऊर्जा लागत मॉडल कहता है कि ईंधन की कीमत मुख्यतः तेल की वास्तविक लागत से तय होनी चाहिए। लेकिन राजस्व मॉडल में ईंधन सरकार के बजट संतुलन का उपकरण बन जाता है। भारत में धीरे-धीरे यही हुआ है। आज भी पेट्रोल की कीमत का बड़ा हिस्सा टैक्स है। यदि पेट्रोल का वास्तविक बेस प्राइस लगभग 55-60 प्रति लीटर है, तो उपभोक्ता पंप पर 110 के आसपास भुगतान करता है। यानी वह केवल पेट्रोल नहीं खरीद रहा है, बल्कि भारी कर-व्यवस्था का वित्तपोषण भी खरीद रहा है।

सबसे बड़ा विरोधाभास तब दिखाई देता है जब सरकारें एक ओर जनता से खर्च कम करने, सादगी अपनाने और वैश्विक संकट सहने की अपील करती हैं, वहीं दूसरी ओर पेट्रोल-डीजल को राजस्व संग्रह के स्थायी साधन की तरह इस्तेमाल करती रहती हैं। यदि वास्तव में संकट साझा है, तो उसका बोझ केवल उपभोक्ता पर क्यों डाला जाए? टैक्स संरचना में स्वतः कमी क्यों नहीं आती?

यह भी ध्यान देने योग्य है कि पेट्रोल-डीजल पर टैक्स एक प्रतिगामी कर (रिग्रेसिव टैक्स) की तरह काम करता है। अमीर और गरीब-दोनों एक लीटर पेट्रोल पर लगभग समान टैक्स देते हैं। लेकिन उसका वास्तविक बोझ गरीब और मध्यवर्ग पर अधिक पड़ता है। डीजल महँगा होते ही परिवहन महँगा होता है, और फिर खाद्यान्न से लेकर निर्माण सामग्री तक सबकी कीमतें बढ़ जाती हैं। यानी ईंधन मूल्य वृद्धि केवल वाहन चलाने वालों की समस्या नहीं रहती , वह पूरी अर्थव्यवस्था में महँगाई का दबाव पैदा करती है।

सरकारों का तर्क है कि इसी राजस्व से सड़कें बनती हैं, कल्याणकारी योजनाएँ चलती हैं और राजकोषीय घाटा नियंत्रित होता है। यह तर्क पूरी तरह गलत नहीं है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जनता को यह अधिकार नहीं होना चाहिए कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार राहत दे, तब उसका लाभ सीधे उपभोक्ता तक पहुँचे? और यदि संकट के समय जनता से त्याग अपेक्षित है, तो क्या सरकारों को भी अपने कर ढाँचे में लचीलापन नहीं दिखाना चाहिए?

वर्तमान पेट्रोल मूल्य वृद्धि केवल एक आर्थिक घटना नहीं है; यह उस नीति-दर्शन का प्रतिबिंब है जिसमें ईंधन को जीवन की आवश्यकता कम और राजस्व के अवसर के रूप में अधिक देखा जाने लगा है। जब तक पेट्रोल-डीजल को स्थायी कर-स्रोत की तरह इस्तेमाल किया जाता रहेगा, तब तक हर वैश्विक संकट का पहला और सबसे भारी असर आम भारतीय नागरिक की जेब पर ही पड़ेगा।

# काकरोचों ने सोचा भी नहीं होगा कि वे रातों रात इतने फेमस हो जायेंगे...




कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी आजकल चर्चा में है। अमेरिका में बनी इस भारतीय पार्टी के रातों रात लगभग दो लाख फॉलोअर्स हो गये। नौबत यहां तक पहुंची कि सीजेपी के ट्विटर हैंडल पर बैन लगाना पड़ा। वास्तव में सीजेपी एक व्यंग्यात्मक आंदोलन है जिसे 16 मई 2026 को आम आदमी पार्टी के पूर्व कम्युनिकेशंस रणनीतिकार अभिजीत दीपके द्वारा सोशल मीडिया पर शुरू किया गया था। भारत में जन्मे और फिलहाल बोस्टन यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत दीपके को दाद देना पड़ेगी कि उन्होंने दुनिया के सबसे मजबूत कीड़े को एक राजनीतिक संकेत में बदल दिया। उन्होंने अमेरिका से इस अभियान की शुरुआत की जिसमें यूरोप के कुछ साथी भी जुड़ गये। दूर देशों की इस शुरुआत ने भारत के राजनीतिक खेमों में हलचल मचा दी। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक बुलबुला है जो जल्द ही फुस्स हो जायेगा लेकिन कुछ का विश्वास है कि सीजेपी अगले चुनावों में जनमानस पर असर डालने में कामयाब होगी। चूंकि भारत में बेरोजगारों की संख्या करोड़ों में है और यह वर्ग सक्रिय वोटर होने के साथ सोशल मीडिया से भी जुड़ा रहता है इसीलिये इसके चुनावी असर से इंकार नहीं किया जा सकता। सीजेपी की जादुई शोहरत का ये आलम है कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी इसी तर्ज पर कॉकरोच अवामी लीग

सीएएल बना ली गई है जिसके हजारों फॉलोअर्स भी बन गये हैं। एक तरफ अभिजीत दीपके को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं दूसरी तरफ उनके फॉलोअर्स बढ़ते ही जा रहे हैं।

मालूम हो कि कॉकरोच की महिमा केवल महिलाओं को डराने और रसोईघर में धमा चौकड़ी करने तक सीमित नहीं। वैज्ञानिकों का कहना है कि कॉकरोच दरअसल दुनिया के सबसे ताकतवर प्राणियों में से एक है और परमाणु युद्ध होने के बाद भी पृथ्वी पर सिर्फ इसी का बच पाना सम्भव है। छोटे अंधेरे कोनों और दरारों में छिपे रहने से इस पर विस्फोट का असर होना असंभव है। साथ ही परमाणु युद्ध से होने वाले रेडिएशन का इस पर कोई असर नहीं होगा क्योंकि इसकी रेडीएशन सहने की क्षमता इन्सान से लगभग 15 गुना ज्यादा है। इसके अलावा कॉकरोच की जीवित रहने की क्षमता भी अद्वितीय है क्योंकि यह खीरा यानी ककड़ी के अलावा दुनिया का कोई भी पदार्थ खा कर मजे से जिन्दा रह सकता है।

इसी तरह भारत का बेरोजगार भी बेख़ौफ़ है। बीमारी, बेरोजगारी, पैसों की तंगी, परिवार के ताने और महबूबा की नाराज़गी से भी इसे कोई फर्क नहीं पड़ता। ये अपनी बेफिक्री और मटरगश्ती में मशगूल रहता है। बीच बीच में टाइम मिलने पर ये किसी सरकारी नौकरी का फॉर्म भी भरता है जिनमें से अधिकांश या तो पेपर लीक होने से निरस्त हो जाती हैं या फिर जुगाड़ वालों के हिस्से में चली जाती हैं। दशहरा, गणेशोत्सव, होली इसके प्रिय त्यौहार हैं जिनमें चंदा वसूली से लेकर साज सज्जा और डांस वगैरह की गतिविधियों में इसका काफी मनोरंजन होता है। लेकिन बेरोजगार का सबसे प्रिय त्यौहार है चुनाव। इस मौके पर डेढ़ दो महीने का खाना पीना और धन लाभ बड़ी राहत भरा होता है। यही वो समय है जिसमें बेरोजगार खुद को उपयोगी और ताकतवर समझने लगता है। अक्सर नेता इन्हें नौकरी का लालच देकर बेगार भी करवाते हैं और चुनाव खत्म होते ही बाकी वायदों की तरह इस वायदे को भी भूल जाते हैं। देश आगे बढ़ता जा रहा है, विकास का गुणगान हो रहा है, लेकिन बेरोजगार है कि बस बेरोजगार ही है। अब जब इसे कॉकरोच का खिताब दे दिया गया है तब सरकार को सावधान हो जाना चाहिये। जिसे परमाणु युद्ध भी नहीं मार सकता वो भला सरकार से क्या डरेगा। नेता खुशकिस्मत हैं कि बेरोज़गार अभी संगठित नहीं हैं। अगर सीजेपी के बैनर तले सब इकट्ठे हो गए तो क्या होगा कोई नहीं जानता।

## गधा सबसे समझदार

अभी तक तो अपने को ये मालूम था कि यदि किसी व्यक्ति को गधा कह दिया जाए इसका मतलब है कि वो बहुत ही बेवकूफ होता है लेकिन अब पता लगा है कि गधा तो घोड़े से भी ज्यादा समझदार होता है न केवल घोड़े बल्कि सभी जानवरों की तुलना में गधा सबसे ज्यादा समझदार होता है और ये पता कैसे लगा है जनरल ऑफ वेटरनरी बिहेवियर% का एक अध्ययन जो स्पेनिश वैज्ञानिकों ने 300 गधों पर किया था उसके आधार पर ये निष्कर्ष निकला कि आइक्यू में गधों का स्कोर मानव पैटर्न से बिल्कुल मिलता जुलता है यानी अब किसी को यदि गधा कहा जाएगा तो इसका मतलब है कि वह बुद्धिमान और समझदार व्यक्ति है। सारी परिभाषाएं इस अध्ययन ने बदल कर रख दीं। गधे भी भारी खुश है कि अभी तक हमको बतौर गाली संबोधित किया जाता था लेकिन अब पता लगा कि हम लोग कितने बुद्धिमान और समझदार हैं हम लोग सीधे-साधे हैं ज्यादा बोलते नहीं कभी-कभी रेंकने लगते हैं तो इसका ये मतलब थोड़ी है कि हम सबसे ज्यादा मूर्ख और बेवकूफ हैं। सारे गधे मिलकर स्पेनिश वैज्ञानिकों का सम्मान करना चाह रहे हैं जिन्होंने बता दिया कि गधा एक बुद्धिमान और समझदार प्राणी होता है अपने को तो लगता है अब कुत्ता, बिल्ली, घोड़ा पालने की बजाय घर में एक गधा पाल लिया जाए कम से कम कहने को तो रहेगा कि घर में एक समझदार व्यक्ति है भले ही वह जानवर क्यों ना हो।

## मंगल से पंगा मत लो

मशहूर उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के आईपीओ फाइलिंग में लिखा है कि मंगल ग्रह पर इंसानों को बसाने का इरादा है और वो भी थोड़े बहुत नहीं बल्कि दस लाख के आसपास इंसान वहां बसाये जाएंगे । ज्योतिष के आधार पर तो मंगल काफी क्रोधी ग्रह माना जाता है जिन लड़के लड़कियों की कुंडली में मंगल होता है वे मांगलिक मानी जाती हैं उनकी शादी ब्याह में बड़ी दिक्कतें आती हैं बताया जाता है कि जिनकी कुंडली में मंगल होता है उनकी पहले किसी पेड़ या भगवान से शादी करवा दी जाती है ताकि मंगल का दोष खत्म हो जाए, मंगल का दोष खत्म करने के लिए हनुमान जी की प्रार्थना की जाती है, लोग मंगलवार का उपवास भी रखते हैं, ज्योतिषियों की सलाह पर उंगली में मूंगा भी धारण कर लेते हैं ताकि मंगल ग्रह शांत रहे ,अब ऐसे खतरनाक और गुस्सैल ग्रह पर दस लाख लोगों को बसाने की जो स्कीम मस्क साहब चला रहे हैं शायद वे जानते नहीं हैं कि मंगल से पंगा लेना ठीक नहीं है यदि मंगल नाराज हो गया तो सारा धंधा ठप्प हो जाएगा । अभी तक तो चांद पर लोगों को बसाने की बात चल रही थी अब यह चांद को छोड़कर मंगल तक पहुंच गए ।अरे भैया वहां लोगों को बसा दोगे तो वहां होटल खुल जाएंगे ,चाय के टपरे लग जाएंगे, चाट फुलकी के ठेले स्थापित हो जायेंगे फुटपाथों पर अतिक्रमण हो जाएगा, मंगल की सड़कों पर जाम लगने लगेगा, लोग बाग पान गुटखा खाकर इधर-उधर थूकने लगेंगे, कोई कहीं भी खड़ा होकर लघु शंका कर देगा इन सबसे मंगल महाराज नाराज नहीं होंगे तो क्या खुश होंगे? अभी भी वक्त है मस्क साहब दस बार सोचो और किसी शांत ग्रह में जाने की बात करो तो चल भी जाएगा मंगल से पंगा लेना बहुत महंगा पड़ेगा ये हम अभी से बता देते हैं फिर ना कहना कि पहले क्यों नहीं बताया था।

## सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमान जी ने अपने बॉस से कहा सर कुछ दिनों की छुट्टी चाहिए.

छुट्टी एक शर्त पर मिलेगी. ये बताओ कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा?

सर हो सकता है बाहुबली ने कटप्पा को छुट्टी नहीं दी हो.श्रीमान जी ने उत्तर दिया

बताओ कितने दिन की छुट्टी चाहिए? बॉस ने घबरा कर कहा।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
मंगलवार 26 मई 2026




# चिंता व तनाव से बढ़ रहा मनोदैहिक रोग : डॉ. तोमर

गोरखपुर,(वार्ता)

विश्व आयुर्वेद मिशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं आरोग्य भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जीएस तोमर ने कहा कि आज का मानव चिंता एवं तनाव से इतना ग्रसित है कि वह चाहे अनचाहे अनेक मनोदैहिक रोगों का शिकार होता जा रहा है।

डॉ. तोमर ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में सोमवार को वाजीकरण चिकित्सा पर एक विशिष्ट व्याख्यान में कहा कि मानव चिंता एवं तनाव से इतना ग्रसित है कि वह चाहे अनचाहे अनेक मनोदैहिक रोगों का शिकार होता जा रहा है।

डॉ. तोमर ने कहा कि हजारों वर्ष पहले आयुर्वेद में स्वस्थ एवं संस्कारवान संतति के लिए वाजीकरण का वर्णन किया गया है। यह वर्तमान परिदृश्य में सेक्सुअल हेल्थ के लिए आज भी उतना ही उपयोगी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में यौन क्षमता में कमी आने की प्रवृति देखी जा रही है। इसके लिए आयुर्वेद में कैवाच (कोंच) जैसी अत्यंत प्रभावी औषधि बताई गई है जो यौन इच्छा की कमी को दूर करती है। यह औषधि शुक्रजनन होने से शुक्र की मात्रा को भी बढ़ाती है। इसके अलावा आयुर्वेद में अश्वगंधा, शतावर, विदारीकंद,



वाराहीकंद, जायफल, लौंग, सालमपंजा एवं शिलाजीत अनेक प्रभावकारी औषधियांउपलब्ध हैं।

उन्होंने युवाओं को मद्य, तम्बाकू एवं गुटका जैसे हानिकारक द्रव्यों से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि इनके सेवन से न केवल यौन क्षमता में कमी आती है अपितु शरीर के लिवर, किडनी तथा फेफड़े आदि अति महत्वपूर्ण अंग भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में वाजीकरण का उद्देश्य संस्कारवान एवं स्वस्थ संतति पैदा करना रहा है।

विश्व आयुर्वेद मिशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जीएस तोमर ने इसके पूर्व महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के महंत दिग्विजय नाथ आयुर्वेद चिकित्सालय की विशिष्ट ओपीडी में गिठिया, दमा, डायबिटीज, लिवर, हृदयरोग, त्वचा रोग आदि के सौ से अधिक रोगियों का परीक्षण कर चिकित्सा परामर्श प्रदान किया।

डॉ. तोमर ने बताया कि आजकल युवाओं के खानपान की विकृति के कारण डायबिटीज एवं फैटी लिवर के रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके लिए इन्हें फास्ट फूड से हटकर अपनी पारंपरिक खाद्य पद्धति अपनानी होगी। इन रोगियों को आयुर्वेद मधुमेह नाशक औषधियों के साथ साथ आहार नियंत्रण, नियमित व्यायाम एवं विश्रांतिकर योगाभ्यास करना आवश्यक है।

# इबोला का प्रकोप: 20 दिन में 200 से ज्यादा मौतें

## भारत, अमेरिका, फ्रांस, जापान और अफ्रीकी देशों ने क्या कदम उठाए

नई दिल्ली

अफ्रीका महाद्वीप में इबोला वायरस तेजी से फैल रहा है। कांगो (डीआरसी) और युगांडा में बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार ने सतर्कता बरतते हुए कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर दी है। केंद्र ने भारतीय नागरिकों से इन देशों की गैर-जरूरी यात्रा टालने की अपील की है।

भारत में अभी इबोला के %बुंडीबुग्यो% स्ट्रेन का कोई केस नहीं मिला है। हालांकि, केरल और कर्नाटक के बाद आंध्र प्रदेश ने भी एयरपोर्ट निगरानी शुरू कर दी है। विशाखापत्तनम, तिरुपति और विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। लक्षण पाए जाने पर यात्री को क्वारंटीन किया जाएगा। प्रभावित शहरों के अस्पतालों में 15-15 बेड वाले आइसोलेशन वार्ड तैयार रखे गए हैं। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान में कुल 58,560 भारतीय मूल के लोग रहते हैं।



### कांगो में 20 दिनों में 204 मौतें

कांगो के इतुरी प्रांत की राजधानी बुनिया में इबोला अब महज बीमारी नहीं, बल्कि रोजमर्रा का डर बन गया है। 5 मई को पहले अलर्ट के बाद मात्र 20 दिनों में 867 संदिग्ध मामले और 204 मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। स्थानीय बाजारों में सैनिटाइजर और डिसइन्फेक्टेंट की भारी किल्लत है।

पहले 2,500 कांगोली फ्रैंक (लगभग 85 रुपये) में मिलने वाला सैनिटाइजर अब चार गुना महंगा होकर 10,000 फ्रैंक (340 रुपये) तक बिक रहा है। मास्क की कीमतें 10 गुना तक बढ़ गई हैं और उपलब्धता बेहद कम है। अस्पतालों पर भारी दबाव है, जबकि मेडिकल संसाधन अपर्याप्त हैं। विशेषज्ञों को चिंता है कि वायरस 600 किमी दूर 2 करोड़ आबादी वाली राजधानी किन्शासा पहुंचा तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

### अन्य देशों में उठाए जाने वाले कदम

कांगो में इबोला फैलने के बाद युगांडा ने कांगो सीमा पर सार्वजनिक परिवहन रोका है। रवांडा ने विदेशी यात्रियों की एंट्री पर रोक लगा दी है, जबकि जाम्बिया और मलावी ने एयरपोर्ट व बॉर्डर स्क्रीनिंग बढ़ा दी है। दुनिया भर में तैयारी तेज हो गई है। अमेरिका ने प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों पर एंट्री रिस्ट्रिक्शन और स्क्रीनिंग सख्त कर दी है। जापान ने लेवल-1 ट्रैवल रिस्क अलर्ट जारी किया, जबकि फ्रांस ने मायोट द्वीप पर एयरपोर्ट निगरानी और आइसोलेशन व्यवस्था मजबूत की है।

# अमेरिकी मध्यावधि चुनाव तक कूटनीतिक रुकावट बनी रह सकती है: रक्षा विशेषज्ञ

**बेंगलुरु, (वार्ता)।** कर्नाटक में रक्षा विशेषज्ञ गुरचरणजीत सिंह ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे टकराव में जल्द कोई बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद नहीं है क्योंकि दोनों पक्ष अभी अमेरिकी मध्यावधि चुनाव से पहले लगातार दबाव बनाने की रणनीति में लगे हुए हैं। उन्होंने ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को इस विवाद का मुख्य मुद्दा बताते हुए कहा कि यह तेहरान की रणनीतिक पहचान और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रभाव से गहराई से जुड़ा हुआ है। श्री सिंह ने यूनीवार्ता को बताया, ईरान के संवर्धन पर अपनी स्थिति कमजोर करने की उम्मीद नहीं है क्योंकि इसे राष्ट्रीय गौरव और सुरक्षा नीति का एक मुख्य हिस्सा माना जाता है। श्री सिंह ने कहा कि अमेरिका इस मुद्दे को राजनीतिक ताकत और रोकथाम के नजरिए से देखना जारी रखे हुए है और मैसेजिंग काफी हद तक घरेलू राजनीतिक बातों से तय होती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संभावित समझौते पर सार्वजनिक बयानों में ठोस कूटनीतिक प्रगति की बजाय उम्मीद और रणनीतिक संकेत दिखता है।

# बांग्लादेश ने ट्रैफिक से निजात पाने के लिए शुरू किया नया सिस्टम,एआई से पहुंच रहा घरों में चालान

नई दिल्ली

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में घनी आबादी और अपने भयंकर ट्रैफिक के लिए बदनाम भी। पूरे ढाका में बसें, कारें, मोटरसाइकिलें और रिक्शे भी एक-दूसरे से होड़ करते नजर आते हैं। ऐसा लगता है मानो वे सिग्नलों, पैदल चलने वालों, क्रॉसिंग और यहां तक कि ट्रैफिक पुलिस को भी ऐसी बाधाएं मानते हैं जिन्हें पार करना है।ऐसे में मौके पर ही पुलिस द्वारा लगाए गए जुर्माने अक्सर बहस का कारण बनते हैं, टकराव आम बात है और कई बार आदेश मानने से इनकार करने वाले वाहनों की चपेट में आकर पुलिस अधिकारी घायल भी हो जाते हैं। अब इससे निजात पाने के लिए दुनिया के सबसे भीड़भाड़ वाले शहरों में से एक ढाका ने अब पहला एआई-पावर्ड ट्रैफिक सिस्टम शुरू किया है। ट्रैफिक कर्मी एस.एम. नाजिमुद्दीन ने कहा, जो लोग नियमों का उल्लंघन करते हैं, वे हमारे ही खिलाफ हो जाते हैं। लेकिन जब से एआई आया है गाड़ी चलाने वाले लोग कानून का पालन




करने लगे हैं और हम रोज-रोज के झगड़ों से बच गए हैं। ट्रैफिक प्रबंधन को आधुनिक बनाने के बार-बार किए गए प्रयासों के बावजूद 2.2 करोड़ से ज्यादा आबादी वाला यह शहर अब भी मैनुअल नियंत्रण पर ही निर्भर था। यहां अधिकारी ट्रैफिक लाइट के हरे होने से पहले ही सड़कों पर रस्सियां तान देते थे। लेकिन अप्रैल में ढाका पुलिस ने ट्रैफिक कैमरों को एक ऐसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर से जोड़ा, जिसे अपने-आप नियमों का उल्लंघन पकड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। 28 साल के हन्नान रहमान जिबोन उन पहले चालकों में से एक थे, जिन्हें पकड़ा गया। उन्होंने कहा, मैंने लाल बत्ती पार कर दी और घर बैठे मेरी कार के मालिक को एक टेक्स्ट मैसेज मिला जिसमें बताया गया था कि गाड़ी ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है और अपने आप की 2 हजार टका जुर्माना लग गया। एनएम नासिरुद्दीन ने बताया कि एआई सिस्टम ने मौजूदा ट्रैफिक-मॉनिटरिंग कैमरों की फीड का इस्तेमाल किया और इस सॉफ्टवेयर ने सिग्नल और लेन के उल्लंघन से लेकर अवैध पार्किंग तक के अपराधों की पहचान की। यह सिस्टम फिलहाल मोटर वाहनों को टारगेट करती है और पुलिस अभी भी इस बात पर विचार कर रही है कि ढाका के रिक्शे वालों को कैसे विनियमित किया जाए।

# अमेरिका के दवाब में खरीदे जा रहे हैं महंगे पेट्रोलियम पदार्थ : मसूद

**सहारनपुर(वार्ता)।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने सोमवार को केंद्र सरकार की आर्थिक और विदेश नीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अमेरिका के दबाव में महंगे पेट्रोलियम पदार्थ खरीदे जा रहे हैं, जिसके कारण देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यदि यही स्थिति बनी रही तो देश में पेट्रोलियम पदार्थों की भारी किल्लत पैदा हो सकती है। अपने आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इमरान मसूद ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और दाल, चावल, गेहूं, मक्का, फल, सब्जी तथा दवाइयों की कीमतें आम लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें महंगाई और बेरोजगारी जैसे मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए धार्मिक और साम्प्रदायिक विषयों को उछाल रही हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमानों, मस्जिदों और मदरसों को निशाना बनाया जा रहा है तथा गौकशी के नाम पर मुसलमानों पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग भी दोहराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की राजनीति करती है, जबकि भाजपा समाज में वैमनस्य फैलाने का काम कर रही है। इमरान मसूद ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान देते हुए कहा कि इस बार उनके परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा। प्रेस वार्ता के दौरान उनके भाई नौमान मसूद भी मौजूद थे। इमरान ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। विपक्षी दलों से संभावित गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान करेगा। बसपा के संबंध में उन्होंने टिप्पणी की कि बसपा का हाथी भाजपा की ओर जाता दिख रहा है।

# कर संग्रह बढ़ाने के साथ ईमानदार व्यापारियों को मिले सुविधा और सम्मान: योगी

लखनऊ, (वार्ता )

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य कर विभाग कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। उन्होंने जोनवार अधिकारियों से सीधा संवाद कर प्रत्येक अधिकारी के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण और रिफंड प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब समाप्त होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि 21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बन गया है। जीएसटी पंजीयन आवेदनों के निस्तारण की औसत अवधि प्रदेश में 8 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है।



प्रदेश में 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन की व्यवस्था लागू है। रिटर्न दाखिले में भी प्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। देय तिथि तक 90 प्रतिशत से अधिक करदाता रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने जीएसटी और वैट मद में कुल 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पुनरीक्षित अनुमान का 98.8 प्रतिशत रहा। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा।

जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली हुई। प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभाग को कुल 1,98,071 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है। इसमें जीएसटी का लक्ष्य 1,49,956 करोड़ रुपये तथा वैट का लक्ष्य 48,115 करोड़ रुपये है। अप्रैल 2026 में राज्य ने 10,896 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9.6 प्रतिशत अधिक है।

जोनवार समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल 2026 में गौतमबुद्ध नगर जोन ने 1506 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ 18 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। सहारनपुर जोन में 35.1 प्रतिशत और वाराणसी प्रथम जोन में 33.2 प्रतिशत वृद्धि रही। मुख्यमंत्री ने अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन वाले जोनों को विशेष कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने फर्जी फर्मों और कर चोरी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बोगस फर्मों के खिलाफ 477 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई तथा 168 गिरफ्तारियां की गईं। 7 नवंबर 2025 को एसआईटी का गठन किया गया। 180 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट ब्लॉक की गई तथा न्यायनिर्णयन कार्रवाई से 2250 करोड़ रुपये की मांग सृजित हुई।

योगी ने कहा कि 2025-26 में जीएसटी की 52,432 और वैट की 11,365, कुल 63,797 अपीलों का निस्तारण किया गया।

# ईरान के साथ समझौता अब भी संभव, काफी मज़बूत प्रस्ताव मेज़ पर : रुबियो

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ईरान के साथ समझौते की संभावना अब भी बनी हुई है और इस दिशा में एक काफी मजबूत प्रस्ताव वार्ता मेज पर रखा गया है। श्री रुबियो ने भारत यात्रा के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रस्ताव में ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने तथा परमाणु मुद्दों पर वास्तविक, महत्वपूर्ण और समयबद्ध वार्ता में शामिल होने की बात शामिल है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हम इसे सफल बना लेंगे। इसे खाड़ी देशों और वैश्विक स्तर पर व्यापक समर्थन प्राप्त है। जिन भी देशों से हमने इस पर चर्चा की, उनका मानना है कि यह न केवल बेहद उचित बल्कि दुनिया के हित में भी है।श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर जल्दबाजी में समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति कोई गलत समझौता नहीं करेंगे। हम देखेंगे कि आगे क्या होता है। कूटनीति को सफल होने का पूरा अवसर दिया जाएगा, उसके बाद ही अन्य विकल्पों पर विचार किया जाएगा। समझौते में देरी के संबंध में पूछे जाने पर श्री रुबियो ने कहा कि अब सब कुछ ईरान की प्रतिक्रिया पर निर्भर है। उन्होंने कहा, ईरानी व्यवस्था को जवाब देने में थोड़ा अधिक समय लगता है। उन्होंने दोहराया, राष्ट्रपति खराब समझौता नहीं करेंगे। या तो अच्छा समझौता होगा, या फिर हमें इस मुद्दे से किसी अन्य तरीके से निपटना पड़ेगा। हालांकि हमारी प्राथमिकता अच्छा समझौता ही है।लेबनान के मुद्दे पर श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका उस विषय पर अलग से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि समस्या इजरायल या लेबनान सरकार नहीं, बल्कि हिजबुल्लाह है, जो लेबनान की जनता को नुकसान पहुंचा रहा है। श्री रुबियो ने कहा कि इजरायल को अपनी सुरक्षा का अधिकार हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा, यदि हिजबुल्ला मिसाइल दागता है या ऐसा करने की तैयारी करता है, तो इजरायल को जवाब देने और इसे रोकने का पूरा अधिकार है।



# अक्षय कुमार के साथ नजर आईं अक्षरा सिंह, गाना 'घिस घिस घिस' में मचाया धमाल



भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू द जंगल के नए गाने 'घिस घिस घिस' में नजर आ रही हैं। 'घिस घिस घिस' में अक्षरा सिंह का दमदार अंदाज और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों का दिल जीत रहा है। बॉलीवुड और भोजपुरी का यह अनोखा संगम गाने को और भी खास बना रहा है। गाने को विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। जोशीले संगीत और शानदार डांस मूव्स से भरपूर यह गाना दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है।

गाने को लेकर उत्साहित अक्षरा सिंह ने अपने अंदाज में कहा,फटेगा स्पीकर और ब्रेक होगा पूरा डांस फ्लोर. ई गाना सुनके अगर आप नाचने लग जाएंज् त हमरा पर इल्जाम मत लगाइएगा। अक्षरा का यह बयान सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है और उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा रहा है।

अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' को ए.ए. नाडियाडवाला, केप ऑफ गुड फिल्म्स और स्टार स्टूडियो18 द्वारा सीता फिल्म्स और राकेश डांग के सहयोग से प्रस्तुत किया जा रहा है। यह बेस इंडस्ट्रीज़ ग्रुप प्रोडक्शन है, जिसे राकेश डांग और वेदांत विकास बाली ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के निर्माता फिरोज़ ए. नाडियाडवाला हैं।'वेलकम टू द जंगल' 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।जंगली म्यूज़िक द्वारा प्रस्तुत 'घिस घिस घिस' अब सभी प्रमुख ऑडियो प्लेटफॉर्म्स पर स्ट्रीम हो रहा है, जबकि इसका फुल म्यूज़िक वीडियो टाइम्स म्यूज़िक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

अक्षरा सिंह की बढ़ती लोकप्रियता और बॉलीवुड में उनकी मजबूत मौजूदगी यह साबित कर रही है कि वह अब सिर्फ भोजपुरी सिनेमा की ही नहीं, बल्कि देशभर के दर्शकों की पसंदीदा कलाकार बन चुकी हैं। 'घिस घिस घिस' में उनका धमाकेदार अंदाज इस बात का ताजा उदाहरण है।

# आयुष्मान खुराना 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' के 75वें संस्करण में शामिल हुए



बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के साथ कॉमनवेल्थ गेम्स डे मनाया। इस अवसर पर शहर फिटनेस, सामुदायिक भावना और भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं के उत्सव में तब्दील नजर आया। अहमदाबाद के प्रतिष्ठित साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने वर्ष 2030 में अहमदाबाद में होने वाले ऐतिहासिक कॉमनवेल्थ गेम्स की दिशा में उत्साह और ऊर्जा को और बढ़ाया। फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 75वें संस्करण में नागरिकों, खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक फिट एवं खेल-केंद्रित भारत के निर्माण का संदेश दिया। यह आयोजन देशभर में 8,000 से अधिक स्थानों पर मनाया गया। इस पहल और भारत के खेल भविष्य को लेकर आयुष्मान खुराना ने कहा,फिट इंडिया और आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 का यह सहयोग बेहद खूबसूरत है क्योंकि यह युवा भारतीयों के बीच खेल संस्कृति को प्रेरित कर रहा है। संडेज़ ऑन साइकिल एक बेहद दिलचस्प और भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन और मार्गदर्शन में ऐसी पहलें भारतीय खेलों का भविष्य गढ़ रही हैं। आयुष्मान खुराना सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के आधिकारिक एम्बेसडर और फिट इंडिया आइकॉन हैं। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा नियुक्त आयुष्मान लगातार नागरिकों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। वह लोगों को साइक्लिंग जैसी सरल और मजेदार फिटनेस गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

# बेवजह खर्च नहीं, फिल्म बेहतर बननी चाहिए' - अल्लू अर्जुन के डाउन टू अर्थ अंदाज ने जीता दिल!



सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का एक सादगीभरा और अनुशासित रवैया इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां उन्होंने लग्जरी के बजाय फिल्म की गुणवत्ता और प्रोडक्शन के बेहतर इस्तेमाल को प्राथमिकता देते हुए अपने डाउन टू अर्थ अंदाज से सभी का ध्यान खींचा है। एक तरफ जहां सुपरस्टार्स की जिंदगी को अक्सर लग्जरी और आलीशान लाइफस्टाइल से जोड़ा जाता है, वहीं अल्लू अर्जुन इन दिनों एक अलग वजह से लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में शामिल होने के बावजूद उनका सादगीभरा और अनुशासित अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है।पिछले कुछ हफ्तों में अल्लू अर्जुन को कई बार हैदराबाद और मुंबई के बीच कमर्शियल फ्लाइट्स में सफर करते देखा गया है। पुष्पा 2 की ऐतिहासिक सफलता और अपने बड़े प्रोजेक्ट्स को देखते हुए जहां लोग उनसे चार्टर्ड फ्लाइट्स में ट्रैवल करने की उम्मीद कर रहे थे, वहीं सूत्रों के अनुसार ने उन्होंने खुद कमर्शियल फ्लाइट से सफर करना पसंद किया। बताया जा रहा है कि प्रोड्यूसर्स की तरफ से प्राइवेट ट्रैवल अरेंजमेंट्स ऑफर किए जाने के बावजूद उन्होंने सादगी को चुना। दिलचस्प बात यह है कि सूत्रों का कहना है कि अल्लू अर्जुन अक्सर सुविधा और फ्लाइट की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सफर करते हैं। कई मौकों पर उन्होंने लग्जरी इंतजामों की जगह इकोनॉमी या रेगुलर कमर्शियल सीटिंग को भी चुना, जो उनके डाउन टू अर्थ नेचर को दिखाता है। एक सूत्र ने बताया मेकर्स ने उनके व्यस्त शेड्यूल और आराम को देखते हुए कई बार चार्टर्ड फ्लाइट्स की व्यवस्था करने की बात कही, लेकिन अल्लू अर्जुन का मानना है कि प्रोडक्शन का पैसा पर्दे पर दिखना चाहिए, ना कि पर्दे के पीछे बेवजह खर्च होना चाहिए। उनका पूरा फोकस हमेशा फिल्म की क्वालिटी और सिनेमैटिक आउटपुट को बेहतर बनाने पर रहता है, ना कि लग्जरी पर। अल्लू अर्जुन का यह रवैया अब प्रोडक्शन सर्कल्स में भी चर्चा का विषय बनता जा रहा है। ऐसे दौर में जहां सुविधाएं आसानी से आदत बन जाती हैं, वहां अभिनेता अब भी बजट और संसाधनों के सही इस्तेमाल को लेकर काफी सजग रहते हैं, खासकर उन बड़े प्रोजेक्ट्स में जिनसे लोगों की उम्मीदें बहुत ज्यादा जुड़ी होती हैं। सबसे खास बात यह है कि पुष्पा 2 जैसी भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर्स में से एक देने के बाद भी अल्लू अर्जुन ने खुद को किसी सुरक्षित दायरे तक सीमित नहीं किया।

# सिंहपुर प्रीमियर लीग का धमाकेदार समापन

## एमएफसी बनी चैंपियन, उमड़ा जनसैलाब

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

ग्राम सिंहपुर में पिछले एक माह से जारी रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सिंहपुर प्रीमियर लीग का रविवार को रंगारंग समापन हो गया। दर्शकों से खचाखच भरे आम वाले मैदान में खेले गये खिताबी मुकाबले में शहर की प्रतिष्ठित टीम एम एफ सी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐसेस इलेवन को 19 रनों से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले से पहले क्षेत्र के वेटरन खिलाड़ियों के बीच प्रदर्शन मैच भी खेला गया, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मैच के दौरान पुराने दौर के खिलाड़ियों के अनूठे अंदाज और दर्शकों की चुटीली टिप्पणियों ने मैदान का माहौल खुशनुमा बना दिया। फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एम एफ सी ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 125 रन बनाए। टीम की ओर से शिवकुमार ने 33 और भूपेन्द्र ठाकुर ने 31 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऐसेस इलेवन की टीम आसिफ के तेजतर्रार 43 और मयंक के 21 रनों के बावजूद 10 ओवर में 6 विकेट पर 106 रन ही बना सकी। एम एफ सी के गौरव महोबिया ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में मात्र 5 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किये।विजेता टीम एम एफ सी को शानदार ट्रॉफी के साथ महाजन परिवार (मंझला घर) एवं सांई सेवा समिति सिंहपुर के सौजन्य से 31 हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। उपविजेता ऐसेस इलेवन को स्व. सेठ श विश्वनाथ महाजन की पुण्य स्मृति में श्री शैलेष महाजन द्वारा 15 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।



तीसरे स्थान पर रही डीसेंट इलेवन को श्री सिद्धार्थ शर्मा (नरसिंह पेट्रोलियम) सिंहपुर की ओर से 7 हजार रुपये एवं ट्रॉफी दी गई। इस वर्ष टूर्नामेंट में खेल भावना, अनुशासन एवं समयबद्धता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशिष्ट पुरस्कार भी प्रदान किये गये। टीम इंडस इलेवन और सिटी बॉयज की टीम को सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा स्व. श्री विकास शर्मा की स्मृति में संयुक्त रूप से 6 हजार रुपये एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

वहीं आयोजन समिति के मित्रवत साथी अंकित मानसाता की ओर से इंडस इलेवन एवं एकदन्त इलेवन को इमर्जिंग टीम के रूप में स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों की श्रृंखला में बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार शिवाजी टीम के दीपक जाट की ओर से भूपेन्द्र ठाकुर (एम एफ सी) को दिया गया जबकि बेस्ट बॉलर गौरव महोबिया (एम एफ सी), बेस्ट फील्डर समीर खान (एल आई जी ) और बेस्ट विकेटकीपर विनोद महोबिया (एम एफ सी) को प्रदान किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिवकुमार पटेल (एम एफ सी) तथा मैन ऑफ द सीरीज का खिताब गौरव महोबिया (एम एफ सी) के नाम रहा। शानदार कमेंट्री के लिये प्रभात ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। समापन समारोह में आयोजन समिति द्वारा ग्राम पंचायत सिंहपुर, एमपीईबी सिंहपुर, उप पुलिस थाना सिंहपुर, मनीष साउंड एंड डेकोरेटर्स नरसिंहपुर एवं पवन टेंट हाउस नरसिंहपुर के प्रतिनिधियों को आभार पत्र भेंट कर सहयोग के लिये धन्यवाद एवं कृतज्ञता ज्ञापित किया गया। आयोजन समिति के संरक्षक उपेन्द्र महाजन ने भविष्य में प्रतियोगिता को और अधिक भव्य रूप देने का आश्वासन दिया। चौधरी मुकेश शर्मा ने ऐसे आयोजनों को युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये आवश्यक बताया। शैलेष महाजन द्वारा दोनों ही टीमों को शानदार खेल प्रदर्शन और खेल भावना के लिये बधाई और शुभकामनायें प्रदान की गयी। सरपंच देवलाल पाल ने युवाओं से मोबाइल की दुनिया से निकलकर खेल मैदानों की ओर आने की अपील की ताकि स्वस्थ जीवन शैली को अपनाया जा सके। इस अवसर पर सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार की दिशा में अग्रसर होते हुए ग्राम पंचायत क्षेत्र में वर्षा पूर्व एवं वर्षा पश्चात न्यूनतम 151 पौधारोपण करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी, जिसका सभी उपस्थित जनों ने स्वागत किया। फाइनल मुकाबले के दौरान रंग-बिरंगी आतिशबाजी भी आकर्षण का केंद्र रही।



## गंगा दशहरा पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिंगरी नदी पुनर्जीवन के लिए हुआ श्रमदान

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सिंगरी नदी को पुनर्जीवन करने के लिए जनभागीदारी से श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल सिंगरी नदी में आयोजित इस अभियान में शामिल हुए और स्वयं श्रमदान कर लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया। सभी ने मिलकर सिंगरी नदी को स्वच्छ, सुंदर एवं पुनर्जीवन करने के लिए श्रमदान किया। नदी तट पर स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि जन-जन की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, परमयोगी दादा गुरूजी महाराज, श्री रामसनेही पाठक, श्री सुनील कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भारतीय स्टेट बैंक प्राथमिक शाला में कराया शौचालयों का निर्माण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, पिपरिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला बसेड़ी में छात्रायों की सुविधा हेतु शौचालयों का निर्माण कराया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम का उद्घाटन सरपंच श्रीमती प्रभा बाई मेहरा (ग्राम-पिपरिया) एवं वरिष्ठ नागरिक श्री खेमराज ठाकुर (ग्राम-बसेड़ी) के द्वारा, ग्रामीणजन की उपस्तिथि में किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण जन द्वारा समाज के उत्थान के लिए एसबीआई की इस नेक पहल की सराहना की गई, साथ ही विद्यालय प्रबंधन से आशा व्यक्त की कि इन संसाधनों का नियमित रखरखाव किया जाए ताकि लंबे समय तक यह सुविधाएं छात्र छात्राओं के लिए उपयोगी बनी रहें। मुख्य प्रबंधक शुभम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक निरंतर देश की सेवा में समर्पित है और भविष्य में भी जनहित के ऐसे कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में उप प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा नरसिंहपुर, श्री समीर खान उपस्थित रहे।अंत में, शासकीय माध्यमिक विद्यालय पिपरिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला बसेड़ी के स्टाफ और छात्र-छात्राओं की ओर से उपसरपंच श्री सुधीश पटेल (ग्राम-बसेड़ी) ने भारतीय स्टेट बैंक की इस परोपकारी पहल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जल के बिना जीवन संभव नहीं, जल जीवन का महत्वपूर्ण तत्व है : मंत्री प्रहलाद पटेल

## सिंगरी नदी को साफ व स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज का दिन नरसिंहपुर जिले के जीवनदायिनी सिंगरी नदी को पुनर्जीवन करने वाला दिन है। आओ हम सब मिलकर सिंगरी नदी को पुनर्जीवन करने का संकल्प लें, जो? आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बन सके। मंत्री श्री पटेल सोमवार को कलेक्टर बंगला के पीछे गणेश मंदिर रोड स्थित सिंगरी नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर सिंगरी नदी पुनर्जीवन श्रमदान कार्य एवं जल संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सिंगरी नदी को साफ-सुथरा एवं भव्य व सुंदर बनाया जाएगा। सिंगरी नदी के दोनों तटों के किनारे-किनारे मार्ग बनाए जाएंगे। इससे कोई भी नागरिक सिंगरी नदी की सुंदरता का आनंद ले सकेगा। मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर सिंगरी नदी पुनर्जीवन के लिए सभी उपस्थित समुदाय को शपथ दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण पर की गई चित्रकला करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमारी सरकार ने प्राचीन नदियों को पुनर्जीवन करने का कार्य प्रारंभ किया है। प्राचीन नदियों से ही हमारी संस्कृति एवं विरासत का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि नदियों की पहचान ही ऐसी है, कि वह अपने इतिहास को समेटे हुए प्रवाहित होते रहती है, जिससे विभिन्न सभ्यताओं की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए वर्तमान समय में जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सभी नागरिकों को संकल्प लेना होगा कि सिंगरी नदी के जल को साफ व स्वच्छ रखने के लिए गंदा पानी नदी में प्रवाहित न करें। यह हम सभी के लिए एक चुनौती है, लेकिन इसे पूरा करना हमारा दायित्व है। सिंगरी नदी का जल आगे जाकर मां नर्मदा जी में समाहित होता है, इसलिए सिंगरी नदी का जल साफ व स्वच्छ होकर प्रवाहित हो, इसके लिए सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है।



उन्होंने कहा कि मानव जीवन व पर्यावरण की रक्षा के लिए जल एक आवश्यक तत्व है, इसलिए हमें आने वाले भविष्य के लिए जल का संरक्षण करना जरूरी है। जिससे जल की बचत हो, जल की शुद्धता हो और हमारा भविष्य बेहतर बन सके। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लगातार जल संरक्षण के कार्य कर रही है। जल स्त्रोतों, तालाबों, नदी-नालों की साफ-सफाई कर उन्हें पानीदार बनाया जा रहा है। जिससे जल के लिए मौसमों पर निर्भर न रहना पड़े, हमारे जल स्त्रोत में ही पानी के पर्याप्त भंडार रहे, हमें इन्हीं संकल्पों को लेकर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि नदियों, जल स्त्रोतों और तालाबों का जल साफ-सुथरा रहेगा, तो हमारा जीवन भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने सिंगरी नदी की साफ-सफाई से जुड़े सभी श्रमदान करने वाले नागरिकों को इस अभियान में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। आयोजित कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, परंमयोगी दादा गुरूजी महाराज और श्री रामसनेही पाठक ने भी संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम के बारे में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने विस्तार से जानकारी दी और जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने आभार व्यक्त किया। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, श्री सुनील कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।



## अखिल भारतीय हिंद क्रांति पार्टी जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय हिंद क्रांति पार्टी की जिला स्तरीय बैठक 24 मई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल त्रिपाठी, राजकुमार बक्शी- प्रदेश अध्यक्ष, विधि प्रकोष्ठ, फूलचंद पटेल- प्रदेश अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग, प्रदेश महिला सचिव अर्चना सिंह, अनामिका सतनामी- जिला अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, कटनी तथा विनीता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक का मुख्य एजेंडा पार्टी विस्तार, जबलपुर जिले के संगठन को मजबूत करना तथा जबलपुर जिला टीम का गठन रखा गया। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने एवं जिले में पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी ने देश के महत्वपूर्ण एवं ज्वलंत विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विशेष रूप से देशभर की न्यायालयों में लंबित लगभग 5.5 करोड़ मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निपटान के विषय को प्रमुखता से उठाया तथा उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इस विषय की गंभीरता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में लंबित मामलों का त्वरित निराकरण देशहित एवं जनहित दोनों की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल त्रिपाठी ने अपने संबोधन में युवाओं को जागरूक करने, सामाजिक एवं संगठनात्मक जवाबदेही लेने तथा अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण एवं संगठन सशक्तिकरण में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा युवाशक्ति को आगे बढ़कर जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी रणनीतिक चर्चा की गई ।

# विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा हेतु जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

## राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने की मांग

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा सोमवार को पलोटन गंज से तहसील कार्यालय तक मौन जुलूस निकालकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने की मांग की गई। मौन जुलूस के दौरान समाज के लोगों ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की अनन्य शिष्या दिवंगत आर्यिका माँ श्री श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका माँ श्री उपशममति माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार प्रियंका नेताम को जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि

हाल ही में विहार के दौरान



आर्यिका माताजी के साथ हुई दुर्घटना की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। समाज का कहना है कि उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर यह केवल सड़क दुर्घटना भर नहीं लगती। पैदल विहार करने वाले जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे और अहिंसक होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा सुविधा नहीं लेते। ऐसे में उनके विहार मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

साधु-संतों पर लगातार बढ़ती दुर्घटनाओं एवं हमलों को देखते हुए केंद्र सरकार राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाए। ज्ञापन में कहा गया कि जैन संत समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। उनके साथ हो रही घटनाएं सम्पूर्ण समाज के लिए चिंताजनक हैं। मौन जुलूस एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान दिगम्बर जैन समाज संगठन, जैन महिला संगठन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने ज्ञापन पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही की मांग की।

## खदान में डूबे युवक का रेस्क्यू कार्य जारी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के थाना स्लीमनाबाद अंतर्गत धुरी-बंधी ग्राम स्थित खदान में एक युवक के डूबने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर आशीष तिवारी ने संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए एसडीईआरएफ की टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता के नेतृत्व में चार सदस्यीय एसडीईआरएफ दल आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचा। साथ ही स्थानीय पुलिस बल को भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

### प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जारी है रेस्क्यू ऑपरेशन

मौके पर मौजूद प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता ने बताया कि धुरी-बंधी ग्राम स्थित गहरी खदान में डूबे युवक की तलाश के लिए सर्चिंग एवं रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। खदान की गहराई जमीन स्तर से लगभग 100 फीट नीचे बताई जा रही है। संकरी जगह, अंधेरा और रात का समय रेस्क्यू कार्य को चुनौतीपूर्ण बना रहा है, बावजूद इसके एसडीईआरएफ की टीम पूरी मुस्तैदी और सावधानी के साथ अभियान संचालित कर रही है। डूबे युवक की पहचान ग्राम धुरी निवासी दुर्गेश कुशवाहा पिता प्रताप कुशवाहा, उम्र लगभग 26 वर्ष के रूप में हुई है। प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है तथा रेस्क्यू कार्य को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।



# ईदुलअजहा पर ईदगाह में होगी सामूहिक नमाज

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में ईदुल अजहा (बकरा ईद) की सामूहिक नमाज 28 मई गुरुवार को सुबह 7:30 बजे अदा की जाएगी। नमाज हाफिज व कारी जुबेर आलम द्वारा पढ़ाई जाएगी। इसके बाद जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे,छोटी मस्जिद में सुबह 8 बजे,फैजाने मदीना मस्जिद में सुबह 8,30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी । इस्लाम धर्म में बकरा ईद का विशेष महत्व है। यह त्योहार हज़रत इब्राहीमअलैहिस्सलाम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। मान्यता है कि अल्लाह ने हज़रत इब्राहीम का इम्तिहान लेने के लिए उनसे अपनी सबसे प्यारी चीज़ कुर्बान करने को कहा था। हज़रत इब्राहीम ने अपने बेटे हज़रत इस्माईल को कुर्बान करने का फैसला किया। उनकी नीयत देखकर अल्लाह ने इस्माईल की जगह एक दुम्बा भेज दिया। इसीलिए यह त्योहार त्याग, समर्पण और अल्लाह पर भरोसे का



प्रतीक माना जाता है। ईद के दिन लोग सुबह से ही साफ कपड़े पहनकर ईदगाह व मस्जिद में ईदुल अजहा की नमाज़ अदा करते हैं। नमाज़ के बाद हैसियत के मुताबिक बकरे की कुर्बानी दी जाती है। नमाज के बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान पहुंचकर फूल खुशबू पेश कर मरहूमों के हक में दुआएं करते हैं । बकरा ईद के दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व है।

बकरा ईद केवल जानवर की कुर्बानी नहीं है। इसका असली मतलब अपने अंदर की बुराइयों, लालच, घमंड और नफरत की कुर्बानी देना तथा गरीबों और जरूरतमंदों का ख्याल रखना है। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने बताया कि ईदगाह में नमाज को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। मुस्लिम समाज के लोग समय पर ईदगाह पहुँचे । उन्होंने स्थानीय प्रशासन , पुलिस विभाग, नगर पालिका से सहयोग करने की अपील की है ।

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 231 अ-20(1) सन्- 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थाई पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 10/6/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 06 | करेलीगंज | 44/2 | 700 वर्गफुट | प्रभुदयाल अग्रवाल आ. शिवप्रसाद अग्रवाल निवासी जयप्रकाशवार्ड, करेलीगंज | प्रभुदयाल अग्रवाल आ. शिवप्रसाद अग्रवाल निवासी जयप्रकास वार्ड करेलीगंज |

इश्तहार आज दिनांक 02/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 230 अ-20(1) सन्- 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थाई पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 10/6/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | करेलीगंज | 20/71 | 932 वर्गफुट | ज्योति गुप्ता पति श्री पारिख गुप्ता सा. राजेन्द्र वार्ड करेलीगंज | ज्योति गुप्ता पति श्री पारिख गुप्ता सा. राजेन्द्र वार्ड करेलीगंज |

इश्तहार आज दिनांक 02/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर

# राहगीरी डे पर स्वच्छता के रंग में रंगा कटनी हर कदम पर गूंजा हमारा शहर, हमारी जिम्मेदारी का नारा





## सड़कों पर उमड़ा उत्साह का सैलाब, स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर वन बनने को कटनी ने कसी कमर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

रविवार की सुबह जब सूरज ने आंख खोली तो गर्ग चौराहा से कारगिल चौक तक की सड़क सिर्फ वाहनों के लिए नहीं, बल्कि हौसलों, उम्मीदों और स्वच्छता के संकल्पों के लिए खुली थी। मौका था राहगीरी डे 2026 के सातवें संस्करण का जहां कटनी ने साबित कर दिया कि स्वच्छता कोई सरकारी फाइल नहीं, जन-जन की भावना है। आयोजन के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, निगम आयुक्त तपस्या परिहार, एमआईसी सदस्य जयनारायण निषाद, सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, पार्षद मौसुफ अहमद बिट्टू, रेखा संजय तिवारी, गोविंद चावला, शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद ऋचा गेलानी, रचना गुप्ता चिकित्सक, उद्योगपति, समाजसेवी संगठन गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्रा, शिक्षक शिक्षिका, युवा, बुजुर्ग, सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों की काफी संख्या में मौजूदगी रही। सड़कें जब मंच बनीं तो कटनी का असली चेहरा सामने आया। कोई योग मैट पर तन को साध रहा था, तो कोई जुंबा की धुन पर मन को। कहीं नन्हे कदम स्केटिंग पर फिसलते हुए भविष्य की उड़ान भर रहे थे, तो कहीं साइकिल के पहिए स्वस्थ कटनी का संदेश दे रहे थे। रंगोली के रंगों में स्वच्छता की तस्वीर उकेरी गई, और नुक्कड़ नाटक की तालियों में पर्यावरण बचाने की गूंज सुनाई दी।

स्वच्छता बना जश्न का हिस्सा

यह राहगीरी डे सिर्फ मस्ती नहीं थी। हर गतिविधि के केंद्र में था एक ही संदेश- स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में कटनी को अव्वल बनाना है। फोर बिन प्रेजेंटेशन ने बताया कि कचरा नहीं, हमारी आदतें समस्या हैं। प्लास्टिक को ना की तख्तियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जंग का ऐलान किया। हस्ताक्षर अभियान के बोर्ड पर जब सैकड़ों हाथों ने दस्तखत किए, तो लगा जैसे पूरे शहर ने एक साथ स्वच्छता की शपथ ली हो।

### निगम का संदेशः ये आपकी जीत है

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि राहगीरी डे ने दिखा दिया कि जब सड़कें जनता की होती हैं, तो संदेश सीधे दिल तक पहुंचते हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण कोई प्रतियोगिता नहीं, आदत बदलने का आंदोलन है। और इस आंदोलन के असली हीरो आप सब हैं। राहगीरी डे ने एक बार फिर साबित किया कि शहर तब बदलता है जब नागरिक चलते हैं, रुकते हैं, सोचते हैं और कदम उठाते हैं। कटनी ने सिर्फ सड़क पर कदम नहीं रखा, स्वच्छता की नई इबारत लिख दी। कार्यक्रम में नागरिकों ने जहां राहगीरी डे के सेल्फी पॉइंट के साथ फोटो ली। वही क्यू आर कोड स्कैन कर स्वच्छता का फीडबैक देकर जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाया। इस दौरान इको ब्रिक्स, अनुपयोगी सामग्री से सुंदर कलाकृति, रैन वाटर हार्वेस्टिंग का भी संदेश प्रसारित किया जाकर नागरिकों को जागरूक किया गया। वही मैजिक शो एवं रसकला संगीत विद्यालय की नन्ही बच्चियों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को अचंभित कर दिया। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व विजेता प्रतिभागियों को तुलसी का गमला भेट कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री असित खरे, नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन सहित स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, सहित काफी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

फोटो : विकास गुप्ता

## बस स्टैंड स्थित राधिका होटल के समीप आयोजित मेले का यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत निरीक्षण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी शहर की कानून व्यवस्था, सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के हमराह थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अनूप सिंह द्वारा पुलिस चौकी बस स्टैंड के स्टाफ एवं यातायात पुलिस बल के साथ बस स्टैंड स्थित द्वारका होटल के समीप आयोजित मेले का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेले में लगाए गए झूले एवं अन्य मनोरंजन उपकरणों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक सुरक्षा मानकों की पुष्टि की गई। साथ ही मेले में आने वाले नागरिकों, बच्चों एवं परिवारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की स्थिति का जायजा लिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा मेले के आयोजकों से चर्चा कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुरक्षा संबंधी हिदायतें दी गईं। आयोजकों को निर्देशित किया गया कि मेले में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, आपातकालीन निकास मार्ग एवं सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा अव्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो। सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कटनी पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि मेले में भ्रमण के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

फोटो : विकास गुप्ता



## वन संपत्ति चोरी करने वाले चार व्यक्ति चढ़े पुलिस के हत्थे



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व एसडीओपी आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन मे थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में ग्राम खिरवा पोडी वन कक्ष पीएफ 297 एनपीबी में लगे फेंसिग जाली चोरी करने वाले चार चोरो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। 21 मई को प्रार्थी रामकुशल पिता स्व. देवीदीन मिश्रा उम्र 54 साल निवासी ग्राम रामपुर थाना ढीमरखेडा स्थाई पता वार्ड नं. 17 खितौला थाना खितौला जिला जबलपुर थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 मई के रात 01 बजे करीब बीट में पदस्थ बीट प्रभारी अंकित गौतम वनरक्षक द्वारा सूचना मिली की खिरवा पोडी के वन कक्ष पीएफ 297 एनपीबी वृक्षारोपण में लगी फेंसिग जाली को कुछ व्यक्तियों द्वारा निकाल कर चोरी किया जा रहा है जो सूचना पर पुलिस टीम एवं वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर प्रदीप पिता कुंवरलाल यादव उम्र 27 साल, उमाकांत पिता रामगुलाम यादव उम्र 31 साल, राजकुमार पिता महेश यादव उम्र 35 साल एंव सुरेश प्रसाद पिता रामप्रसाद यादव उम्र 52 साल सभी निवासी खिरवा पोडी के कब्जे से फेंसिग जाली दो बडंल किमती 10000 एंव दो मोटर सायकिल किमती 55000/- जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

## कटनी पुलिस द्वारा थानों के कायाकल्प एवं आईएसओ प्रमाणन हेतु व्यापक तैयारियां जारी

### पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने थाना कुठला व माधवनगर का किया निरीक्षण



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में पुलिस व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों का व्यापक कायाकल्प किया जा रहा है। प्रस्तावित आईएसओ प्रमाण पत्र वितरण टीम के निरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुए सभी थानों में रंगरोगन, साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का कार्य तेज गति से जारी है। कटनी पुलिस द्वारा जन पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से थानों की केवल बाहरी साज-सज्जा ही नहीं, बल्कि उनकी कार्यप्रणाली को भी उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। थाना परिसरों के आंतरिक एवं बाहरी स्वरूप को नागरिक-अनुकूल बनाया जा रहा है, वहीं शिकायतों के त्वरित एवं कुशल निराकरण, न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी तैयारी के तहत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना कुठला एवं माधवनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वयं साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने में सहभागिता की। कटनी पुलिस का यह प्रयास न केवल थानों को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने, पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने तथा पुलिस-जन संवाद को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक उल्लेखनीय पहल है।

फोटो : विकास गुप्ता

## विज़न ने रचा इतिहास : पर्यावरण जागरूकता का बना महायज्ञ, 6 संभागों के युवाओं के बीच क्विज प्रतियोगिता

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विश्व पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन के क्षेत्र में सतत कार्य कर रही युवा संस्था विज़न एवं सामान्य वन मंडल कटनी द्वारा एक ऐतिहासिक एवं भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने न केवल युवाओं में पर्यावरण चेतना का संचार किया, बल्कि पूरे प्रदेश में जागरूकता का एक नया संदेश भी स्थापित किया। समारोह का शुभारंभ आयुक्त तपस्या परिहार, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, धनश्री जैन, एमपी दिव्यांग क्रिकेट टीम कप्तान राधा बड़गुजर तथा पर्यावरणविद निर्भय सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के 10 संभागों में से चयनित 6 प्रमुख संभागों भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, सागर, शहडोल एवं रीवा के प्रतिभागियों के मध्य अंतर-जिला जैव विविधता एवं पर्यावरण जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कटनी के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए युवाओं ने पर्यावरण, जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण एवं सतत विकास से जुड़े प्रश्नों



के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पर्यावरण प्रेमियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। समारोह के अंतर्गत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पर्यावरण एवं जैव विविधता प्रदर्शनी, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जागरूकता गतिविधियाँ एवं विशेषज्ञों के प्रेरणादायी मार्गदर्शन आयोजित किए गए, जिसने पूरे आयोजन को एक महोत्सव का स्वरूप प्रदान किया। पूरा कार्यक्रम जीरो वेस्ट अवधारणा पर आधारित रहा, कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के सिंगल यूज़ सामग्री का प्रयोग नहीं किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम सागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि टीम भोपाल द्वितीय स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियों को कैश प्राइज, स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गीतांजलि संगीत महाविद्यालय ने जल संरक्षण पर शानदार नृत्य प्रस्तुति दी वहीं श्री कृष्ण कला संगीत महाविद्यालय के द्वारा धरती मैया रोवे लाला गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित महापौर प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी एवं बालमुकुंद मिश्र द्वारा विद्यालयों में संचालित विज़न क्लबों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा युवाओं के प्रयासों की सराहना की गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता बन चुका है।

फोटो : विकास गुप्ता

## ईद-ए-अजहा त्यौहार पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगी ड्यूटी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आगामी ईद-ए-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अनुविभाग कटनी अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। अंजुमन इस्लामिया मुड़वारा के अनुसार, चांद दिखने के आधार पर यह पर्व बुधवार 27 मई या गुरुवार 28 मई को मनाया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं।

### इन अधिकारियों की लगी ड्यूटी

जारी आदेश के अनुसार तहसील कटनी नगर के अंतर्गत प्रभारी तहसीलदार आकाश नीरज को पुलिस थाना कोतवाली कटनी, कुठला, एनकेजे और प्रभारी तहसीलदार साक्षी शुक्ला को जीआरपी, महिला थाना और रंगनाथनगर थाना की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार तहसील कटनी ग्रामीण में नायब तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी की ड्यूटी माधवनगर थाना और झिंझरी व निवार चौकी में लगाई गई। जबकि तहसील रीठी में प्रभारी तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया को रीठी थाना एवं सैलया चौकी की जिम्मेदारी दी गई है और नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह तहसील रीठी वृत्त बिलहरी अंतर्गत बिलहरी चौकी की जिम्मेदारी संभालेंगी। इसके अलावा तहसील बड़वारा में नायब तहसीलदार हर्ष वर्धन रामटेके बड़वारा थाना अंतर्गत कानून व्यवस्था की निगरानी करेंगे। सभी नियुक्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि वे अपने स्तर पर राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की ड्यूटी भी सुनिश्चित करें और इसकी जानकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## दलित ओबीसी मायनोरिटी के जिलाध्यक्ष बने पूर्णेश

**कटनी।** मध्यप्रदेश डोमा परिसंघ के प्रदेश महासचिव नरेंद्र चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 23 मई को दलित ओबीसी माइनोरिटीज एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ की प्रांतीय बैठक एल एन होटल आई एस बी टी भोपाल में परिसंघ डोमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज पूर्व सांसद के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांताध्यक्ष आर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक न्याय आरक्षण संगठन विस्तार अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें समस्त सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सामाजिक सुधार करने हेतु विचार व्यक्त किए। इसी के साथ ही संगठन में नये पदाधिकारीयों की नियुक्ति की गई, जिसमें जिले से पूर्णेश उइके को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में समस्त संगठनों के पदाधिकारी सदस्य आर एन ठाकुर, जी पी कबीरपंथी, बसंत खरे, डॉ पी डी महंत, जे के मालवीय, लक्ष्मण सिंह सिलोटे, गौरीशंकर सूर्यवंशी, डॉ रविकांत उईके, के सी अहिरवार, तरूण राजोरिया, आशीष रायपुरिया, तेजेंद्र राउत, डॉ के के बच्चन, महेश कुमार वर्मा उपस्थित थे।

## यूथ कटनी का वार्षिक कार्यक्रम राजस्थानी थीम के साथ संपन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)।

यूथ कटनी नगर की जाने-माने समाजसेवी संस्था है जो महिलाओं में समाज सेवा की भावना पैदा करते हुए महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था की संचालिका अनु शशांक श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस संस्था का वार्षिक कार्यक्रम होटल टीजीएस जबलपुर रोड पर संपन्न हुआ जिसमें सभी महिला सदस्य राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में आई थी। और इसी थीम पर नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमे बोर्ड मेंबर्स ने भाग लिया था झारखंड के संचालन में शांभवी श्रीवास्तव, रेणु गट्टानी, माधवी शर्मा, अनुपमा सिंह, सर्जना कंडेले, अनिता वैश्य, जयश्री मित्तल, गीता पाठक, अर्चना पुरवार, आरती शिवहरे, ऋचा गट्टानी, वाणी गट्टानी, पायल तरानी, शिवांगी सिंह, काजल सिंह मैं सक्रिय सहयोग दिया। महिमा ओझा ने नृत्य का निर्देशन किया। इस कार्यक्रम में सभी के बौद्धिक और कलात्मक विकास के लिए



विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 10 स्टाल लगाए गए प्रत्येक स्टॉल पर अलग-अलग विधाओं की प्रस्तुतियां थी। एक स्टॉल में हस्ताक्षर से व्यक्तित्व की पहचान करने के साथ-साथ हस्ताक्षर सुधारने की सुझाव दिए गए दूसरे स्टाल मैं आर्ट और क्राफ्ट की प्रस्तुति कराई गई एक स्टॉल में हस्त रेखा एवं फेस रीडिंग कर व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया गया कुछ स्टॉल्स में गेम खिलाए गए।

स्टॉल लगाने वालो में से थी। गेम खेलने वालों के नाम वाणी गट्टानी एवं अनीता वैश्य, रेणु गट्टानी एवं ऋचा गट्टानी, संगीता मरेले एवं अर्चना पांडेय, जयश्री मित्तल एवं हेमा बगड़िया, अर्चना पुरवार एवं आरती शिवहरे, सर्जना कंदेले एवं मंजुला गुप्ता, योगिता त्रिसोलिया एवं संगीता मेघानी, स्नेहा कुद्रहा एवं सुचिता कुद्हा, गीता पाठक एवं शिल्पा जैन प्रमुख रही। जिसमे प्रथम पुरस्कार अर्चना पुरवार एवं आरती शिवहरे को मिला, द्वितीय पुरस्कार संगीता मरेले एवं अर्चना पांडेय को मिला एवं तृतीय पुरस्कार गीता पाठक एवं शिल्पा जैन को मिला। सुषमा खंडेलवाल, विमला अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, स्नेह सोनी, प्रभा साहू, वंदना बगेड़िया, अनु सरावगी, कंचन केसरवानी, रंजना केसरवानी, रंजना गुप्ता, नंदिनी गुप्ता, ज्योति जैन, रागिनी सेन, शेफाली वैश्य, सीमा लहरिया, सीमा नाहर, नीलम सेक्सरिया, स्वाति सेक्सरिया, विनीता अग्रवाल, नीलू पुरवार, मोहिनी सोनी, रश्मि सोनी, अनुराधा सरावगी, शशि अग्रवाल, लता बजाज, संगीता बजाज, सीमा पांडेय, किरण कुदरहा, रजनी सिंघानिया, अनिता जेसवानी, उमा बगेरिया, नेहा उपाध्याय, शिल्पी कुशवाहा, आरती सोनी, सविता राठौड़, आशा तरानी, ऋचा मैनी, नीना मैनी, शोभना खंपरिया, शालिनी सोनी, पूजा तनवानी, पूनम त्रिसूलिया, सुनीता चौदहा, मंजुला गुप्ता एवं हँसा खंडेलवाल की गरिमामय उपस्थिति कार्यक्रम को सुंदर बनाया और सफलता में सहयोग किया। संस्था आगे भी इस तरह के संस्कृतिक सेवा कार्यो के आयोजन करती रहेगी।

फोटो : विकास गुप्ता

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर मौके पर शिक्षक की मौत, अन्य घायल

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** सिवनी के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र के नगझर बायपास पर रविवार देर रात टीचर की मौत हो गई। सड़क हादसे एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद नागपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार नगझर बाईपास के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद कोतवाली और डूंडा सिवनी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

इलाज के दौरान टीचर की मौत, दूसरा नागपुर रेफर हादसे में परासिया स्कूल में पदस्थ शिक्षक जी.एस. चिरौंजी को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बाइक पर सवार दूसरे व्यक्ति श्यामलाल डहेरिया भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए नागपुर रेफर कर दिया। उनका उपचार नागपुर के एक अस्पताल में जारी है।वाहन चालक मौके से फरार प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर फरार वाहन की तलाश कर रही है। कोतवाली पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर जांच शुरू



कर दी है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नगझर बाईपास क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को मजबूत करने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

सिवनी में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिर गए। जानकारी के अनुसार, हादसे में शामिल ट्रैक्टर में कल्टीवेटर लगा हुआ था।

बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीनों किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए गाड़ादूर गांव जा रहे थे। बिनोरी गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तत्काल डायल एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। कुछ स्थानीय लोगों ने घायलों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। एम्बुलेंस से तीनों घायलों को इलाज के लिए घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रलाया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक इलाज किया। डॉक्टरों के अनुसार, एक युवक की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई थी, जिसके चलते उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। वहीं, अन्य दो घायलों का इलाज घंसौर अस्पताल में जारी है।फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी घटना की जानकारी मिलने के बाद घंसौर थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायलों के बयान दर्ज किए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। घायलों में रतन लाल विश्वकर्मा (32), हेमेंद्र विश्वकर्मा (6) और विपत लाल विश्वकर्मा (26) शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## कुएं में डूबने से 11 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुई में आज शाम लगभग 5 बजे एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया, जहाँ कुएं में डूबने से एक 11 वर्षीय मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम छुई निवासी शकील खान का 11 वर्षीय पुत्र सरफराज , जो कि चौथी क्लास का छात्र था, शाम को अपने साथियों के साथ घर के पीछे बने कुएं में नहाने के लिए गया हुआ था। नहाने के दौरान अचानक सरफराज कुएं के गहरे पानी में डूब गया, जिससे मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। उसे डूबता देख साथ में मौजूद बच्चे बुरी तरह घबरा गए और उन्होंने तुरंत भागकर इस बात की सूचना परिजनों को दी। मासूम की मौत की खबर लगते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में मातम पसर गया। इस दुखद हादसे की सूचना

## धूमा पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को महाराष्ट्र से धरदबोचा

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना धूमा पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को महाराष्ट्र राज्य से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। दिनांक 31.03.2026 को थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर से शून्य पर अपराध क्रमांक 00/26 की डायरी वरिष्ठ कार्यालय के माध्यम से असल कायमी हेतु थाना धूमा प्राप्त हुई। थाना धूमा में अपराध क्रमांक 102/2026 धारा 69 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी धूमा के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। सतत प्रयासों, विश्वसनीय मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी को महाराष्ट्र राज्य से घेराबंदी कर धरदबोचा गया।

विकास ठाकुर पिता शंकर लाल, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम कुंडा, चौकी झोतेश्वर, जिला नरसिंहपुर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक डोमन सिंह मरावी, सउनि रविन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षक अरूण पटेल एवं आरक्षक नितेश धुर्वे की महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका रही। सिवनी पुलिस महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# समर कैम्प में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित कराई जा रही विभिन्न गतिविधियाँ

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के ग्रीष्मकालीन खेलों का समर कैम्प प्रशिक्षण दिनांक 01 मई से 01 जून 2026 तक आयोजित कराने के निर्देश दिये गये है।

जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.कुमरे के निर्देशन एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस के मार्गदर्शन में सिवनी जिला स्कूल शिक्षा विभाग के प्रत्येक शासकीय स्कूलों में यह प्रशिक्षण प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक एवं सायं 5 बजे से 7 बजे तक संचालित किया जा रहा है।

समर कैम्प में विद्यालयों के



पीटीआई, प्रशिक्षक एवं खेल विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों की अभिरूचि अनुसार राज्य में प्रचलित मान्यता प्राप्त खेलों में से चयनित खेलों का प्रशिक्षण, पेन्टिग, डान्स, संगीत, योग एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित कराई जा रही है।

इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में गर्मियों की छुट्टियों को रचनात्मक, रोमांचक एवं सीखने से भरपूर बनाने का एक शानदार तरीका है। इसमें मुख्य रूप से कला, विज्ञान, शारीरिक खेल और जीवन कौशल से जुड़ी गतिविधियों को शामिल किया गया है जो बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में मदद करती है एवं नये कौशल से आत्मविश्वास प्राप्त होता है जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है।

समर कैम्प की सतत् मॉनीटरिंग के लिए सिवनी, बरघाट एवं केवलारी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। समर कैम्प के अंतिम दिवस पर विद्यालय द्वारा कराई गयी गतिविधियों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया जायेगा।

# संत सुरक्षित तो समाज सुरक्षित, मांग को लेकर जैन समाज ने सौपा ज्ञापन

**लखनादौन। स्वतंत्र मत।** सुबह शौच के लिए जा रही जैन साध्वी आर्यिका रत्न श्री 105 श्रुतमति माताजी ओर आर्यिका रत्न श्री 105 उपशममति माताजी को सामने से आ रही कार ने सड़क के किनारे चल रही दो माताजी को कुचल दिया,मोके पर ही साध्वी गुरु माता जी का समाधि मरण हो गया प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषीयो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे घटना की फोटो वीडियो जो सामने आई है उसमें साफ दिखाई दे रहा है की जैन साध्वी बिल्कुल किनारे से जा रही थी यह गाड़ी चालक



बीच रोड से चल रहा था साध्वी को देखते ही साथ इसने गाड़ी को उनके तरफ ले गया और माता जी को सामने से कुचल दिया।

यह दो साध्वी की नहीं संपूर्ण संत समाज की हत्या है। संत सुरक्षित तो समाज सुरक्षित, इसी मांग को लेकर संपूर्ण जैन समाज ने अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में मोन जुलुश निकाला और एसडीम महोदय अर्जुन सिंह ठाकुर थाना प्रभारी केपी धुर्वे और तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सोपा, और संत साधु भगवंत की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा की मांग की।

## सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर 41 बसों पर 22,000 रुपये जुर्माना

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा जिले में लोक परिवहन बसों का विशेष चेकिंग एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के मुख्य बिंदु-

1. सुरक्षा मानकों की सघन जांच: अभियान के तहत बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र सहित सभी अनिवार्य सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच की जा रही है। उद्देश्य है कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा हेतु आवश्यक उपाय मौजूद रहें।

कमियों पर त्वरित कार्रवाई: जांच के दौरान कई बसों में अग्निशमन यंत्र की अनुपलब्धता, फर्स्ट एड बॉक्स में दवाइयों का अभाव एवं अन्य सुरक्षा खामियां पाई गईं। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान कुल 41 बसों की जांच में खामियां पाए जाने पर 22,000 रुपये का सम्मिलित जुर्माना अधिरोपित किया गया। जागरूकता एवं प्रशिक्षण: मौके पर मौजूद बस स्टाफ व चालक-परिचालकों को अग्निशमन यंत्र के उपयोग की व्यावहारिक जानकारी दी गई तथा आपात स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। यातायात पुलिस सिवनी ने समस्त बस संचालकों को निर्देशित किया है कि वे अपनी बसों में सभी सुरक्षा मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण रखें। यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## सृजन समर कैंपः तृतीय चरण के दूसरे दिवस बच्चों को दी गई सत्रों की रूपरेखा

### अनुशासन पर मोटिवेशनल सत्र, फुटबॉल-वॉलीबॉल की आउटडोर एक्टिविटीज आयोजित

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के नवाचार सृजन के अंतर्गत पुलिस लाइन सिवनी में चल रहे समर कैंप के तृतीय चरण के दूसरे दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में संचालित कैंप में आज बच्चों से आत्मीय परिचय प्राप्त किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा सृजन के अंतर्गत आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले सभी सत्रों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा इनडोर एवं आउटडोर क्लासेस में शामिल विषयों की जानकारी दी गई।

**सत्र की प्रमुख गतिविधियां-** मोटिवेशनल सत्रः बच्चों को जीवन में अनुशासन का महत्व समझाते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया गया। समय-पालन, टीम वर्क व सकारात्मक सोच पर विशेष जोर दिया गया।

**आउटडोर एक्टिविटीज:** बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखने हेतु फुटबॉल एवं वॉलीबॉल के मैच खिलाए गए। खेलों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व व स्वस्थ



प्रतिस्पर्धा का विकास किया गया। संवाद व मार्गदर्शनः बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें गैजेट्स से दूरी बनाकर खेल व रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

**उपस्थित प्रशिक्षक एवं स्टाफ**

आज के सत्र में सूबेदार जितेंद्र रावतकर, मारगीक फाउंडेशन से शिवानी बघेल, आरक्षक विवेक गोनेकर, महिला आरक्षक सुजाता वट्टी, आरक्षक मूलचंद इवनाती सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने बच्चों के साथ सहभागिता कर उनका उत्साहवर्धन किया।

सिवनी पुलिस का सृजन कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण एवं उन्हें नशा व अपराध से दूर रखने की दिशा में एक सार्थक पहल है। कैंप के माध्यम से बच्चों को पुलिस के मानवीय चेहरे से रूबरू कराकर उनमें विश्वास व सुरक्षा की भावना जागृत की जा रही है।

## गंगा दशहरा पर चला जल गंगा संवर्धन अभियान, सागर नदी तट पर स्वच्छता, पूजन एवं जागरूकता रैली आयोजित

केवलारी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा उत्सव के पावन अवसर पर केवलारी क्षेत्र में सागर नदी तट पर स्वच्छता, पूजन एवं जनजागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद केवलारी के विकासखंड समन्वयक के मार्गदर्शन में नगर विकास प्रस्फुटन समिति केवलारी एवं नवांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सागर नदी तट की साफ-सफाई अभियान से हुई, जिसमें उपस्थित जनों ने श्रमदान कर नदी घाट एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात विधि-विधान से माँ गंगा एवं नदी पूजन किया गया तथा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर आयोजित जागरूकता रैली में जल बचाने, नदियों को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए गए। रैली के माध्यम से आमजन को जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अशोक बेन्द्रे, नवांकुर संस्था प्रमुख अशोक बंदेवार, नगर विकास प्रस्फुटन समिति प्रमुख बालकराम डहेरिया, अरुण साहू ,मेंटर्स रामकृष्ण डेहरिया सहित ग्राम के अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाभियान का गरिमामय समापन

### ग्यारह सत्रों में वक्ताओं ने संगठन, विचारधारा और आधुनिक तकनीक पर दिया प्रभावी प्रशिक्षण

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा जिला सिवनी का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 23 एवं 24 मई को स्थानीय दा ग्रेंड राजवाड़ा सेलेब्रेसन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में कुल 11 महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें वरिष्ठ वक्ताओं ने संगठन विस्तार, वैचारिक प्रतिबद्धता, व्यक्तित्व विकास, बूथ प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही योग के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी ।

प्रशिक्षण वर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता, वर्ग प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल, वर्ग संयोजक संतोष अग्रवाल तथा वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण अनुशासन और संगठनात्मक गरिमा के साथ



सम्पन्न हुआ। वर्ग का शुभारंभ ध्वजारोहण से तथा समापन ध्वज अवतरण के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के जिला संयोजक संतोष अग्रवाल ने बताया कि 23 मई को आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी, वर्ग प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन सहित अन्य अतिथियों ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया। वंदे मातरम् एवं वर्ग गीत के साथ प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस में छह विषयगत सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त समूह चर्चा का विशेष सत्र भी रखा गया, जिसमें पदाधिकारियों के दायित्वों एवं संगठनात्मक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। रात्रिकालीन सत्र में सभी प्रशिक्षणार्थियों का परिचय तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ भी हुईं।

भाजपा जिला मीडिया विभाग की ओर से मनोज मर्दन त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर ग्यारह महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विषय विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया।

दूसरे दिन पांच महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। सातवें सत्र में पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने हमारे सैद्धांतिक अधिष्ठान विषय पर विस्तार से विचार रखे। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने की। आठवें सत्र में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बालाघाट रमेश भटेरे ने कार्यविस्तार विषय पर मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी ने की।

नौवें सत्र में पिछड़ा वर्ग बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती मौसम बिसेन ने बूथ प्रबंधन एवं स्थायी कार्य विषय पर कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्रीमती शशि ठाकुर ने की। दसवें सत्र में पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया ने इतिहास और विकास विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे, जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक डालसिंह मर्सकोले ने की।

इसके पश्चात आयोजित समापन सत्र अनुभव कथन में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के लिए सीखने का अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, संगठन के प्रति समर्पण, विचारधारा के प्रति निष्ठा तथा राष्ट्रहित की भावना ही प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है।

## यूनिवर्सल कंप्यूटर एकेडमी में जुलाई 2026 सत्र के प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जून तक

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** सिवनी। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से संबद्ध यूनिवर्सल कंप्यूटर एकेडमी, सिवनी द्वारा जुलाई 2026 सत्र के लिए विभिन्न कंप्यूटर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। संस्थान प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर्स में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जून 2026 निर्धारित की गई है। संस्थान ने इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय में संस्थान के फ्रंट ऑफिस पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें। अधिक जानकारी एवं संपर्क हेतु मोबाइल नंबर 8989825009 जारी किया गया है। संस्थान का कार्यालय समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक निर्धारित है।

यूनिवर्सल कंप्यूटर एकेडमी, सिवनी के संचालक ने बताया कि वर्तमान समय में कंप्यूटर शिक्षा और तकनीकी ज्ञान युवाओं के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में विद्यार्थी समय रहते प्रवेश लेकर अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं।

## 4 डीजे वाहनों पर लगाया 4000 जुर्माना

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षककृष्ण लालचंदानी के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में उर्स ड्यूटी के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अनाधिकृत रूप से संचालित डीजे वाहनों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की गई। ड्यूटी के दौरान जांच में 04 डीजे वाहन बिना अनुमति व मानकों के विपरीत संचालित पाए गए। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 198 - वाहन के साथ अनाधिकृत हस्तक्षेप करना के तहत सभी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। प्रत्येक वाहन पर 1000 के मान से कुल 4000 का समन शुल्क अधिरोपित किया गया।

जिले का एक मात्र 100 बिस्तर वाला अस्पताल आईएसओ सर्टिफाईड 9001:2008
जिंदल हॉस्पिटल डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर
ब्लड बैंक सुविधा उपलब्ध. सिवनी में पहली 1.5 टेस्ला एमआरआई ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
हमारी सुविधाएं: एम.आर.आई.,सी.टी. स्केन,डायलिसिस,पैथोलॉजी (सभी प्रकार की जाँच सुविधा)ऑपरेशन सुविधा: हड्डी जोड़ने के लिये नैलिंग प्लेटिंग, रॉड एण्ड इम्प्लांट फिक्सेशन, बिना टांके के बच्चादानी ऑपरेशन, हिप्स और घुटने का रिप्लेसमेंट
दलसागर तालाब के पास भगत सिंह वार्ड सिवनी मो.- 6260196758

# वक्फ संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने का कार्य ऐतिहासिकः मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड देश का श्रेष्ठ वक्फ बोर्ड

### वक्फ सुधारों के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी



भोपाल (स्वतंत्रमत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड विभिन्न नवाचारों से देश में सबसे आगे है। प्रदेश में वक्फ बोर्ड के माध्यम से वक्फ संपत्तियां ऑनलाइन की गई, इसके लिए भारत सरकार से स्कॉच अवार्ड मिला। यह पारदर्शी व्यवस्था पूरे देश के लिए उदाहरण बनी है। म.प्र वक्फ बोर्ड देश का श्रेष्ठ वक्फ बोर्ड है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रवीन्द्र भवन भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा देश रहीम और रसखान की मेलजोल की संस्कृति में विश्वास रखता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की जनता कानून में भरोसा रखती है, चाहे किसी भी समुदाय की हो। इसलिए भारत पूरे विश्व में आदर्श है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब जम्मू कश्मीर में पड़ोसी राष्ट्र से दरिन्दे आए तब वहां की जनता ने उनका सीधा विरोध किया और उन्हें खदेड़ दिया। हमारे देश की जनता बुद्धि और विवेक का उपयोग करती है। भारत की यह सुदृढ़ परम्परा और आदर्श संस्कृति है।

***प्रधानमंत्री की पहल और मध्यप्रदेश की अग्रणी भूमिका***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नए वक्फ कानूनों से श्रेष्ठ कार्य को प्रोत्साहित किया है। जहां राज्यों के वक्फ बोर्ड की आय बढ़ रही है, वहीं सच्चाई के साथ कार्य करने का आनंद भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए वक्फ कानून से अनेक वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा संभव हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नए वक्फ कानून के माध्यम से सुशासन और पारदर्शिता की व्यवस्था लागू करवाई है। अतिक्रमण को रोकने में सफलता मिली है। मध्यप्रदेश इस कार्य में अग्रणी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से लेकर अब तक वक्फ सुधार में इतना बड़ा कार्य नहीं हुआ है। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अभिनंदन का पात्र है। वक्फ संपत्तियों का संरक्षण और सुधार हो रहा है। नया वक्फ भवन भी बनाने की पहल हुई है, जिसका नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम के नाम पर रखने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब पारदर्शी कार्य प्रणाली लागू है। उम्मीद पोर्टल के माध्यम से सभी वक्फ संपत्तियां ऑनलाइन हैं और रिकॉर्ड में दर्ज हुई हैं। वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमण हटाने का कार्य बोर्ड द्वारा किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है।

***वक्फ बोर्ड के माध्यम से आय वृद्धि का अवसर***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए वक्फ कानून से अनेक वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा संभव हुई है। मध्यप्रदेश में अतिक्रमण को रोकने में सफलता मिली है। बोर्ड को आय वृद्धि का अवसर भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने नए वक्फ कानूनों से श्रेष्ठ कार्य को प्रोत्साहित किया है। जहां राज्यों के वक्फ बोर्ड की आय बढ़ रही है, वहीं सच्चाई के साथ कार्य करने का आनंद भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के बेटे-बेटियां शिक्षा के माध्यम से प्रोत्साहित हों और भविष्य के सपनों को साकार करें। मध्यप्रदेश सरकार इनका पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न तरह के दान से भी निर्धन बच्चों को पढ़ाने का कार्य हो रहा है। दान दाताओं की भूमिका प्रशंसनीय है। ऐसे कार्यों में राज्य सरकार भी पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न धार्मिक प्रमुखों और अन्य सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले 849 बेटे बेटियों को हार्दिक बधाई दी।

***कैप्टन हमीद के साहस और शौर्य का स्मरण***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत पाक युद्ध में कैप्टन हमीद ने साहसी कारनामा करते हुए पाकिस्तान के अनेक टैंक नष्ट कर दिखाए, इसे कौन भूल सकता है। कैप्टन हमीद शहीद हुए, उन्होंने राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा को सर्वोपरि माना। मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि आज पढ़ो- पढ़ाओ- राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनो योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को विकसित और स्वर्णिम बनाने के लिए कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी वक्फ की चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानून लेकर आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार नए कानूनों के माध्यम से आमजन की भलाई और बेटा-बेटियों की पढ़ाई के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में वक्फ माफियाओं पर अंकुश लगा है, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड की संपत्ति ऑनलाइन दर्ज हुई है। इस कार्य के लिए मध्यप्रदेश को देश में प्रथम स्थान मिला और प्रदेश को स्कॉच अवार्ड से नवाजा गया। संपत्तियों के ऑनलाइन होने से पारदर्शिता बढ़ी है, छुप कर मिली भगत से काम करने वाले बेनकाब हुए हैं। माफिया और भू-माफिया किसी धर्मस्थल का शोषण न कर पाएं, इस बात का वक्फ बोर्ड विशेष ध्यान रख रहा है। वक्फ की संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन किया जा रहा है।

# आस्था, संस्कृति और विकास का संगम बनेगा श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोरः मंत्री श्री सारंग

### लगभग 100 करोड़ की लागत से तेजी से आकार ले रहा श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर



भोपाल (स्वतंत्रमत)

राजधानी भोपाल के प्राचीनतम और श्रद्धा के प्रमुख केंद्र श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में निर्माणाधीन श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर के निर्माणाधीन कार्यों का सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कॉरिडोर का निर्माण चरणबद्ध तरीके से तय समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को शीघ्र बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि छोला स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर भोपाल की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। सदियों से यह मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। इसी विरासत को संरक्षित करते हुए विरासत भी और विकास भी की भावना के साथ श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना भोपाल की सांस्कृतिक धरोहर को भव्य स्वरूप प्रदान करेगी और आने वाले समय में धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगी।

#### निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में श्रद्धालुओं, स्थानीय रहवासियों एवं व्यापारियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों के क्रियान्वयन में न्यूनतम विस्थापन सुनिश्चित किया जाए तथा यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रहे श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर को महाकाल लोक की तर्ज पर आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। करीब 21 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली इस परियोजना में मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था, भव्य कॉरिडोर, दर्शक दीर्घा, सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए अधोसंरचना, पार्किंग और अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

#### नागर शैली में होगा मंदिर परिसर का विकास

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि मंदिर परिसर के विकास कार्यों में राजस्थान के व्हाइट मार्बल का उपयोग करते हुए प्राचीन नागर शैली की वास्तुकला को विशेष रूप से शामिल किया जा रहा है। मंदिर परिसर में सुंदरकांड की झलक दर्शाने वाला भव्य और गरिमामयी कॉरिडोर तैयार किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि दशहरा मैदान के खुले स्वरूप को संरक्षित रखते हुए वहां दर्शक दीर्घा, विशाल मंच, रावण दहन स्थल एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए आवश्यक अधोसंरचना विकसित की जा रही है। साथ ही परिसर के चारों ओर 15 मीटर चौड़ी कांक्रीट सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के आवागमन में सुविधा होगी।

# गंगा दशहरा अभियान के तहत गौरेया नदी में श्रमदान

**दमोह।** गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत तेंदूखेड़ा में गौरेया नदी घाट पर विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी ने नगर परिषद कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ स्वयं श्रमदान कर नदी घाट की सफाई की तथा झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान एसडीएम गोस्वामी ने गौरेया नदी के संरक्षण एवं जल संवर्धन को ध्यान में रखते हुए चैक डेम निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# फर्जी अनुबंध के आधार पर मेरा किया जा रहा दुष्प्रचारः मानक पटेल

दमोह (स्वतंत्रमत)

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गत दिनों राजकुमार दुबे द्वारा फर्जी अनुबंध के आधार पर मीडिया में किया जा रहे दुष्प्रचार एवं सुनियोजित आपराधिक षड़यंत्र के तहत मीडिया में प्रकाशित की जा रही खबरे भ्रमक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष की छवि खराब करने को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने माननीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा जो आरोप दो अखवारों में दो पत्रकार द्वारा यह लिखा गया है कि मैने डेढ़ करोड़ रूपये उधार लेकर मुकरने का आरोप लगाया गया जो सरासर झूठ है समाचार पत्रों में वर्णित दिनांक 28.01.2014 का कथित अनुबंध पत्र मेरे द्वारा निष्पाषित नहीं किया न ही उस पर मेरे हस्ताक्षर है यह मेरे लेटरहेड की कूटरचना कर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर तैयार किया गया दस्तावेज है इसका एकमात्र उदेश्य मेरी सामाजिक एवं राजनैतिक छवि धूमिल करना है उन्होंने बताया कि राजकुमार दुबे द्वारा 2018 में भी जे.सी.बी. मशीन को लेकर मेरे विरूद्ध झूठी शिकायत की गई थी जो पुलिस जांच में असत्य पाई गई यदि 1.50 का अनुबंध सही होता तो वर्ष 2018 की शिकायत में इसका उल्लेख अवश्य होता 28.01.2014 से मेरे उपर राशि बकाया थी तो उन्होंने पिछले 12 वर्ष तक किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की। उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते है कि किसी मीना सिंह एवं संजय सिंह के साथ मिलकर यह फर्जी दस्तावेज तैयार किये गये है।

# मध्यप्रदेश में 2 करोड़ 39 लाख से अधिक मकानों की गणना पूर्ण, फील्ड कार्य अंतिम चरण में

### डिजिटल जनगणना अभियान को प्रदेशवासियों का व्यापक सहयोग, 30 मई तक पूर्ण होगा मकान सूचीकरण कार्य



भोपाल (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य तेज गति से अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। प्रदेश में 01 मई से प्रारंभ हुआ यह फील्ड कार्य 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। राज्य के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। सचिव गृह एवं नोडल अधिकारी जनगणना कार्य श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार निरंतर प्रगति पर है। राज्य में 1 लाख 37 हजार से अधिक मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। दिनांक 25 मई 2026 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 लाख 34 हजार 309 मकान सूचीकरण ब्लॉक में कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 2 करोड़ 39 लाख 9 हजार 808 मकानों की गणना की जा चुकी है। शेष कार्य भी निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के लिये सतत प्रयास किए जा रहे हैं तथा 30 मई 2026 तक पूरे प्रदेश में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रदेश में स्व-गणना प्रक्रिया संचालित की गई थी, जिसमें 7 लाख 46 हजार 158 परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज की। नागरिकों की इस सक्रिय भागीदारी से जनगणना अभियान को गति एवं व्यापक सहयोग प्राप्त हुआ। इस बार जनगणना प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही है। प्रगणकों द्वारा एचएलओ ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज की जा रही है तथा कार्य की निगरानी भी डिजिटल प्रणाली से की जा रही है, जिससे कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित हो रही है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से जनगणना कार्य अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से संपादित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिये जिला प्रशासन, जनगणना अधिकारियों, प्रगणकों एवं आमजन द्वारा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि वे प्रगणकों को आवश्यक एवं सही जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें। जनगणना से प्राप्त आँकड़े शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण आधार के रूप में उपयोग किए जाते हैं।

# गंगा दशहरा पर्व पर पूरे प्रदेश में चल रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

### राज्य मंत्री पटेल ने कहा जल संरचनाओं को सुरक्षित रखना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य



दमोह (स्वतंत्रमत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की जल संरचनाओं का संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन करना हैए प्रदेश में मौजूद पुरानी बावड़ियांए कुएं और अन्य जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। पिछली बार यह अभियान लगभग 45 दिन तक चला था जबकि इस बार इसे तीन माह तक संचालित किया जा रहा है जिससे अधिक प्रभावी परिणाम सामने आएंगेत्र इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने गंगा दशहरा पर्व पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्थानीय बेलाताल तालाब में श्रमदान के दौरान व्यक्त किये। राज्यमंत्री ने कहा मुख्यमंत्री के निर्देशन में अभियान को पंचायत स्तर तक पहुंचाया गया है। प्रदेश की प्रत्येक पंचायत में जल संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इन्हें केवल औपचारिकता तक सीमित न रखकर धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होने किशनगंज और पटेरा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां कई ऐतिहासिक बावड़ियां मौजूद हैं जिनका संरक्षण आवश्यक है। सरकार की ओर से सहयोग का आश्वासन भी दिया गया है। उन्होंने कहा जो जल स्रोत समय के साथ बंद हो गए हैं, उन्हें दोबारा जीवित करना और पुरानी जल संरचनाओं को सुरक्षित रखना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। सरकार जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

# उल्लास नवभारत कायक्रम में डाइट के छात्राध्यापक बनेंगे अक्षर साथी



हटा (स्वतंत्रमत)

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत अक्षर साथी के रूप में कार्य करने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य आरपी विश्वकर्मा ने राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी किए गए निर्देशों की चर्चा करते हुए उसके पालन करने को कहा जिससे प्रदेश की शत प्रतिशत साक्षरता दर को प्राप्त किया जा सके। डाइट के उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम प्रभारी माधव पटेल ने सभी छात्राध्यापकों को बताया कि इस कार्यक्रम में सहयोग को प्रोजेक्ट वर्क के रूप में सम्मिलित किया गया है जिसके अंतर्गत प्रत्येक छात्राध्यापक को अपने द्वारा चुने गए ग्राम के दस नवसाक्षरों को इनके लिए आयोजित होने वाली उल्लास नवभारत परीक्षा में सम्मिलित करवाना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में उल्लास नवभारत साक्षरता के हटा विकासखंड के समन्वयक जितेंद्र सिंह राजपूत, बटियागढ़ समन्वयक अजेंद्र सिंह राजपूत एवं पटेरा समन्वयक संजय शर्मा ने सभी छात्राध्यापकों एप को डाउनलोड कर उसकी क्रियाविधि को समझाते हुए सभी के रजिस्ट्रेशन करवाए। प्रशिक्षण में डाइट से विजय बहादुर सिंह, उमा सोनकिया, डीआरजी दिनेश प्यासी उपस्थित रहे।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 25/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा सोनी पति स्व. किरीट सोनी (2) श्रीमती उषा सोनी पति स्व. संतोष सोनी (3) श्रीमती राधा सोनी पति देवेश सोनी पुत्र स्व. रामसहाय सोनी ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 1631 कांचघर दुर्गा मंदिर के पास संपत्ति के पिन क्रमांक 1000430365 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 400 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 400 व.फु. पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री स्व. रामसहाय सोनी पिता स्व. प्यारे लाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 25/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा सोनी पति स्व. किरीट सोनी (2) श्रीमती उषा सोनी पति स्व. संतोष सोनी (3) श्रीमती राधा सोनी पति देवेश सोनी पुत्र स्व. रामसहाय सोनी ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 1632-1633 पूर्वी घमापुर संपत्ति के पिन क्रमांक 1000430003 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 950 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 950 व.फु. पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती स्व. सुशीला देवी सोनी पति स्व.रामसहाय सोनी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 25/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील सुलखिया पिता श्री जगदीश प्रसाद सुलखिया ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 106 रानी लक्ष्मी बाई संपत्ति के पिन क्रमांक 1000381337 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1500 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अरूण शुक्ल पिता एमपी शुक्ल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27 एम 02
दिनांक 14/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शेख नईमुद्दीन, शेख कयामुद्दीन, शेख सफ्युद्दीन, शेख अलीमुद्दीन, परवीन बेगम सभी के पिता स्व. मुनीररूद्दीन ने मकान 787 वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 975 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 1720 व.फु भूतल 860 व.फु प्रथम तल 860 व.फु शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 12 घंटाघर में प्रमाण सिंह आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्र. 12 घंटाघर
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कालेज के पास धनवंतरी नगर जबलपुर- 482003**

**फ्री-होल्ड की आपत्ति आमंत्रण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक जूनियर एच.आई.जी. डूप्लेक्स-12 श्रीमती प्रवेश लता पति श्री शालिग राम मेहलोनिया के द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड करने हेतु नियमानुसार निर्धारित राशि जमा कर इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भवन का विक्रय-विलेख दिनांक 14.12.2017 को निष्पादित हो चुका हैं। उक्त सम्पत्ति की लीज फ्री होल्ड की कार्यवाही प्रचलन में है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा श्रीमती प्रवेश लता पति श्री शालिग राम मेहलोनिया को आवंटित धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक जूनियर एच.आई.जी. डूप्लेक्स - 12 लीज फ्री होल्ड किया जावेगा एवं किसी संस्था / व्यक्ति का दावा मान्य नहीं होगा ।

**संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर**



**➤ छात्र नीलेश कुमार ने की**

## अतंर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में ऑनलाइन सहभागिता

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र नीलेश कुमार बर्मन ने अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन 2026 में ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। यह सम्मेलन लॉस एंजिल्स, अमेरिका में दिनांक 21 मई से 24 मई 2026 तक आयोजित किया गया था। नीलेश कुमार बर्मन ने उक्त सम्मेलन में वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर अपने विचार व्यक्त किये। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी रहे।

**➤ गढ़ा साई पैलेस के पास रुपयों की मांग कर वारदात**

## खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों पर बेसबाल डंडे से हमला



**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्रातंर्गत साई पैलेस के पास बीती देरशाम बालीबाल खेलकर लौट रहे तीन खिलाड़ियों से असमाजिक तत्वों ने शराब पीने रुपयों की मांग करते हुए बेसबाल के डंडे से हमला कर दिया। जिससे तीनों खिलाड़ियों को गंभीर चोटे आई है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि शक्ति नगर गढ़ा निवासी 29 वर्षीय कार्तिक धगे बीती शाम अपने साथी एमेन, वीर रामटेके, आर्यन खन्ना के साथ पावन भूमि शक्तिनगर के पास ग्राउण्ड से बालीवाल खेल कर अपने घर की ओर आ रहा था।





# छात्र-छात्राओं के जीवंत अभिनय से गूंजा शहीद स्मारक हॉल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्थानीय शहीद स्मारक में विगत दिवस विवेचना रंग मंडल एवं हितकारिणी विद्या परिषद के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य नाट्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नाटकों का मंचन कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मधुर सरस्वती वंदना से हुई। हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्य निरंजन खंपरिया ने अपने उद्बोधन में सेठ गोविंद दास जी के नाटक प्रेम को याद करते हुए सभी कलाकारों को बधाई दी। विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर ने बताया कि इस वर्ष समर कैंप के अंतर्गत पहली बार थिएटर को शामिल किया गया था। छात्र-छात्राओं ने 1 मई से 20 मई तक लगातार कड़ा अभ्यास किया, जिसकी सफल परिणति आज इस मंचन के रूप में देखने को मिली।



**हितकारिणी और विवेचना रंग मंडल के संयुक्त तत्वावधान में नाटकों का सफल मंचन**

### अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर हितकारिणी सभा के मंत्री बाबू विश्वमोहन, विद्या परिषद के अध्यक्ष समर सिंह गायकवाड, उपाध्यक्ष संजय बघेल, मंत्री जयेश सिंह राठौर, शिव दत्त मिश्रा, योगेश उपरीत, डॉ. पुष्पराज पटेल (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुधीर उपरीत, जय कुमार वाधवानी एवं नितिन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर समर कैंप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन दिनेश सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया, साथ ही संयोजक राजीव श्रीवास्तव, शेखर खंपरिया, राजेंद्र तिवारी एवं अन्य स्टाफ का कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग रहा ।

### रंगमंच पर उतरे तीन बेहतरीन नाटक

***मनुष्यों का गड़रिया:*** हितकारिणी बी.एड. कॉलेज की छात्राओं और एच.सी.ए. स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में एक मौलवी और गड़रिया के बीच दिलचस्प संवाद दिखाया गया। गड़रिया ने अपनी होशियारी से मौलवी को शर्त में हरा दिया, लेकिन अंत में जीती हुई सोने की मोहरें वापस कर इंसानियत का संदेश दिया।

***मेरे मार्क्स मत पूछो:*** विवेचना रंगमंडल के कलाकार आशुतोष द्विवेदी ने इस सोलो परफॉर्मेंस (एकल अभिनय) के जरिए वर्तमान और भूतकाल की परिस्थितियों को जीवंत किया। उनकी इस वास्तविक कहानी पर आधारित प्रस्तुति ने पूरे हॉल को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजा दिया।

***वेलकम टू मोबाइलपुर:*** यह एक माइम (मूक अभिनय) नाटक था, जिसमें छात्रों ने बिना कुछ बोले सिर्फ अपने हाव-भाव से मोबाइल फोन के फायदे और नुकसान को बखूबी दर्शाया और दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया।

## 1 जून से परीक्षा लेना बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश में लगातार बढ़ रहे पारे और भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता बढ़ गई है। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 1 जून से आयोजित होने वाली कक्षा 5वीं और 8वीं की द्वितीय अवसर (सप्लीमेंट्री) परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि यह परीक्षा 15 जून के बाद आयोजित की जानी चाहिए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वर्तमान में प्रदेश भर में भीषण गर्मी का प्रकोप है और तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। चारों तरफ चल रही तीव्र लू के कारण आम जनजीवन बेहाल है। ऐसे जानलेवा मौसम में 1 जून से बच्चों की परीक्षा आयोजित करना उनके स्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़ होगा। श्री मार्टिन ने चिंता जताते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी और लू के कारण छात्र-छात्राओं के बीमार होने का खतरा बहुत ज्यादा है। यदि कोई बच्चा बीमार होता है, तो वह परीक्षा में बैठने से वंचित हो सकता है, जिससे उसका पूरा एक साल खराब होने का अंदेशा है।




# विश्व थायरॉइड दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### नर्सिंग विद्यार्थियों ने दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। विश्व थायरॉइड दिवस के अवसर पर आज स्थानीय विक्टोरिया हॉस्पिटल में शिक्षा के माध्यम से जागरूकता थीम के अंतर्गत एक वृहद स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में जिनसार की बी.एससी. नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को थायरॉइड स्वास्थ्य, इससे जुड़े सामान्य विकारों, उनके जोखिम कारकों, लक्षणों और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। साथ ही, समय पर जांच और सही उपचार के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग विद्यार्थियों और विशेषज्ञों द्वारा अस्पताल में आए नागरिकों को थायरॉइड ग्रंथि, उसके कार्यप्रणाली तथा थायरॉइड संबंधी समस्याओं के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

### शंकाओं का किया समाधान

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाओं का नियमित पालन करने की सलाह दी। विभिन्न जागरूकता गतिविधियों और संवादात्मक (इंटरैक्टिव) चर्चाओं के माध्यम से आमजन की शंकाओं का समाधान भी किया गया। यह पूरा कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रिन्सी शाजी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन और समन्वयन सुश्री प्रियंका गैगोले एवं सुश्री पूर्वी विजय कुमार द्वारा किया गया। अस्पताल में आए मरीजों और उनके परिजनों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और इसे काफी मददगार बताया। कुल मिलाकर, यह आयोजन जनसामान्य में स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता का प्रसार करने में पूरी तरह सफल रहा।

# अहिंसक संतों की सुरक्षा पर उठे सवाल

### कमानिया गेट से सिविक सेंटर तक जैन समाज का मौन विरोध



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

दिगंबर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा,एवं श्वेतांबर जैन समाज के आह्वान पर रीवा में हुई सड़क दुर्घटना में दो महिला साध्वी को कार से द्वारा टक्कर मारने से मृत्यु हो जाने पर कमानिया गेटसे गंजीपुरा होते हुए सिविक सेंटर में मौन रैली का समापन हुआ, वहां पर उपस्थित अतिरिक्त जिलाधीश ऋषभ जैन को मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री नाम पर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आर्यिकाओं के साथ घटित घटना का उल्लेख किया गया, जैन समाज ने उपरोक्त प्रकरण की निष्पक्ष पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है,इसके साथ ही साथ इस प्रकरण की एसआईटी द्वारा जांच तथा घटना से संबंधित सभी सीसीटीवी क्लिपिंग एवं डिजिटल साक्ष्य को सुरक्षित रखे जाने, दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। जैन समाज ने यह भी मांग की है कि बिहार मार्गों पर पुलिस समन्वय हो, संवेदनशील मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था हो,यातायात नियंत्रण हो हाईवे पर स्पीड स्पीड कंट्रोल हो,धार्मिक पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्पष्ट गाइडलाइन बनाई जाए,साथ ही साधु संतों पर होने वाले प्रहारों को विशेष संवेदनशील अपराध घोषित किया जाए। राष्ट्रीय संत सुरक्षा राष्ट्रीय नीति बनाई जाए जिसमें पैदल बिहार करने वाले साधु संतों के लिए राष्ट्रीय गाइडलाइन सुरक्षा एसओपी तथा संवेदनशील मार्गो के लिए विशेष प्रावधान निर्मित किए जाएं ।संतों के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखा जाए,क्योंकि साधु संत आत्मरक्षा नहीं करते,वाहन या सुरक्षा साधनों का उपयोग नहीं करते तथा पूर्णता अहिंसक जीवन जीते हैं। प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय तंत्र बने,एवं आपातकालीन संपर्क व्यवस्था निर्मित की जाए। मौन रैली के पूर्व कमानिया गेट पर मुनि द्वय निष्कांप सागर जी एवं मुनि निष्काम सागर जी महाराज ने संबोधित किया मौन रैली में बहुतायक जैन धर्म लंबी उपस्थिति थे।

# जनसमस्याओं को लेकर रणक्षेत्र बना नगर निगम मुख्यालय

### जल संकट, भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का निगम मुख्यालय पर घेराव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




शहर में पेयजल, स्वच्छता, अमृत-2 योजना की कथित अनियमितताओं, आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन, नामांतरण-लीज प्रकरणों में देरी और बढ़ती नागरिक समस्याओं को लेकर सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्षद दल और शहर युवा कांग्रेस ने नगर निगम मुख्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मालवीय चौक पर एकत्र हुए और रैली के रूप में निगम मुख्यालय की ओर बढ़े। इस दौरान पुलिस और प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया और कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन और महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की मांग करते हुए महापौर और निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

***इनकी रही उपस्थिति***- नगर निगम मुख्यालय के घेराव और प्रदर्शन में ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, उपनेता प्रतिपक्ष शुगुफ्ता गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद गुलाम हुसैन, राजेश यादव, अरुणा संजय साहू, गुड्डू तामसेतवार, मनीष पटेल, राकेश पांडे, तुलसा लखन प्रजापति, कलीम खान, हर्षित यादव, अनुपम जैन, अख्तर अंसारी, पूर्व पार्षद जितिन राज, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनू कुकरेले, सचिन बाजपेई, शिशिर नन्होरिया, भानु यादव, सक्षम गुलाटी,अभ्युत बाजपेई, शिशांत सिंह राजपूत, बंटी गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव, झल्लेलाल जैन, अशरफ मंसूरी, पंकज पटेल, राजा रैकवार, अजहर अंसारी, नितिन सिंह, सौरभ यादव, सतीश उपाध्याय, इंदिरा पाठक तिवारी, पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, मुकेश राठौर, बाबा रिजवान, राजेश सोनकर, संजय राठौर, अजय रावत, संजय उपाध्याय, मनीष चंसौरिया, शरवजीत सिंह रील, देवकी पटेल, मनोज नामदेव, गुड्डू चौबे, रज्जू सराफ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर।** पाटन की नुनसर पुलिस चौकी क्षेत्रातंर्गत ग्राम बेनीखेड़ा में 28 वर्षीय दुर्गेश साहू ने अपने कमरे के वेंटीलेशन के जंगले से रस्सी के फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली। मृतक के मौसेरे भाई आकाश साहू की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।











## घर में घुसकर युवकों पर हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** घमापुर थानातंर्गत शीतलामाई स्थित अच्छे मियां का बाड़ा स्थित आकाश राजपूत के घर में घुसकर राज सोनकर और साहिल ठाकुर ने तलवार व चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इतना ही नहीं बीच बचाव करने पहुंचे प्रकाश सिंह राजपूत पर भी आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे आकाश व प्रकाश को गंभीर चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। पुलिस ने बताया कि शीतलामाई अच्छे मियां का बाड़ा निवासी 25 वर्षीय आकाश राजपूत बीती रात करीब साढ़े दस बजे जब अपने घर पर था, उसी समय साहिल ठाकुर व राज सोनकर पहुंचे और पुराने विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगे।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**